आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 313- ● जबलपुर ● रविवार, 19 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in


### देश में 143 ओमिक्रोन मरीज, यही है तीसरी लहर, लेकिन घातक नहीं

**नई दिल्ली।** देश-दुनिया में ओमिक्रोन का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा खबर यह है कि भारत में ओमिक्रोन मरीजों की संख्या 143 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 48 केस महाराष्ट्र में है। इसके बाद दिल्ली (22 केस), राजस्थान (17 केस) और तेलंगाना (21 केस) में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। तेलंगाना में तो शनिवार को एक साथ 13 नए केस सामने आए। अब इन राज्यों में पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

# दुनिया में लौट रहा पाबंदियों का दौर

## ओमिक्रॉन का भारत में भी होगा कहर ?



**नई दिल्ली। कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट दुनियाभर के लिए खतरे के साथ ही पाबंदियों का दौर भी वापस लेकर आ गया है। टीकाकरण की तेज रफ्तार के साथ ही उम्मीद की जा रही थी कि कोरोना का कहर मंद पड़ेगा लेकिन अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन जैसे देशों में रोज आ रहे रिकॉर्ड कोविड केसों ने एक बार फिर से सख्त प्रतिबंधों की वापसी के लिए मजबूर कर दिया है।**

फ्रांस ने नए साल के जश्न के दौरान आतिशबाजी पर रोक लगा दी है तो वहीं नीदरलैंड ने क्रिसमस पर लॉकडाउन का ऐलान कर दिया है। ब्रिटेन में भी रोज आ रहे ताबड़तोड़ केसों के बीच फिर से लॉकडाउन लगाने पर विचार किया जा रहा है और आयरलैंड ने भी पब-बार पर पाबंदी लगा दी है।

### यूरोपीय देशों ने बढ़ाई पाबंदियां

यूरोप में विभिन्न देश सबसे अधिक संक्रामक वैरिएंट ओमिक्रॉन से उत्पन्न हुई कोविड-19 की संभावित नई लहर से बचने के लिए कड़ी पाबंदियां लगा रहे हैं। इस महामारी के मामलों में तीव्र वृद्धि के बीच फ्रांस और आस्ट्रिया के मंत्रियों ने यात्रा पाबंदियां कड़ी कर दी हैं। फ्रांस ने नए साल पर आतिशबाजी रद्द कर दी है। डेनमार्क ने थियेटर, कंसर्ट हॉल, मनोरंजन पार्क एवं संग्रहालय बंद कर दिए हैं। आयरलैंड ने पब एवं बार में रात आठ बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया है तथा घर के अंदर एवं बाहर के कार्यक्रमों में लोगों की उपस्थिति सीमित कर दी है। डच सरकार के मंत्री विशेषज्ञ समिति की सलाह पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रहे हैं जिसने पहले से चल रहे आंशिक लॉकडाउन को सख्त करने की सिफारिश की है।

### नीदरलैंड में लॉकडाउन, ओमिक्रोन के कारण नहीं मनेगा क्रिसमस व न्यू ईयर

ताजा खबर है कि ओमिक्रोन वायरस के कारण क्रिसमस और न्यू ईयर के मौके पर लॉकडाउन लगाने वाला नीदरलैंड दुनिया का पहला देश बन गया है। नीदरलैंड की तरह अमेरिका, ब्रिटेन समेत दर्जनों देश ऐसे हैं जहां ओमिक्रोन का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसलिए माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ अन्य देश भी सख्त लॉकडाउन का ऐलान कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मार्क रूट ने शनिवार को कहा कि अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रोन कोरोना वायरस संस्करण के कारण नीदरलैंड में क्रिसमस और नए साल की अवधि में सख्त तालाबंदी लगा रहा है। रेस्तरां, हेयरड्रेसर, संग्रहालय और जिम सहित सभी गैर-जरूरी दुकानें और सेवाएं रविवार से 14 जनवरी तक बंद रहेंगी। सभी स्कूल कम से कम 9 जनवरी तक बंद रहेंगे। पीएम रूट के मुताबिक, नीदरलैंड फिर से बंद हो रहा है। यह पांचवीं लहर के कारण अपरिहार्य है जो ओमाइक्रोन संस्करण के कारण आ रही है। इस दौरान घरों में दो से अधिक आगंतुक नहीं आ सकेंगे। बाहर भी लोगों के जुटने पर रोक है। ब्रिटेन सरकार कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के प्रसार की गति को थामने के लिए क्रिसमस के बाद दो सप्ताह के लॉकडाउन की योजना बना रही है। मीडिया में शनिवार को प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। द टाइम्स के अनुसार, मसौदा नियम तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें कामकाज के अपवाद को छोड़कर बंद कमरे के अंदर बैठक करने पर प्रतिबंध और पब और रेस्तरां को आउटडोर सर्विस तक सीमित करने की योजना शामिल है। आपातकालीन स्थिति के लिए ब्रिटिश सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार समूह से लीक हुए ब्योरे से खुलासा हुआ है कि वैज्ञानिकों ने मंत्रियों को चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रबंधनीय स्तरों के दायरों में अस्पताल में भर्ती करने के मामले में बहुत जल्द सख्त कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

## किदांबी श्रीकांत वर्ल्डचैंपियनशिप के फाइनल में




**स्पेन।** भारतीय स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने भारत के ही लक्ष्य सेन को हराकर बैडमिंटन की BWF वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। वह इस खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले भारत के पहले पुरुष शटलर बन गए हैं। हालांकि युवा शटलर लक्ष्य सेन ने भी उन्हें चुनौती दी और एक वक्त श्रीकांत उनसे पिछड़ते हुए नजर आ रहे थे, पर अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए वापसी की। श्रीकांत ने लक्ष्य सेन को 17-21, 21-14, 21-17 से हराया। दोनों के बीच यह मुकाबला एक घंटा 9 मिनट तक चला। लक्ष्य सेन ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। उनसे पहले प्रकाश पादुकोण 1983 में, जबकि बी साई प्रणीत ने 2019 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं।किदांबी श्रीकांत ने सेमीफाइनल में हम वतन लक्ष्य सेन को 17-21, 21-14, 21-17 से हराया।

### जयपुर एयरपोर्ट पर महिला से 20 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**जयपुर।** जयपुर हवाई अड्डे पर रविवार सुबह कस्टम विभाग को बड़ी कामयाबी मिली है। कस्टम विभाग ने करीब 20 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त किया है। बताया जा रहा है कि महिला यूएई से लौटी है। वह अपने बैग में ड्रग्स छुपाकर ला रही थी। महिला जब एयरपोर्ट पर उतरी तो वह घबराई हुई लग रही थी। कस्टम विभाग और पुलिस को महिला पर शक हुआ। दोनों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिला की तलाशी ली, जिसमें ड्रग्स बरामद हुआ।

# पंजाब में फिर बेअदबी

## कपूरथला में निशान साहिब से छेड़छाड़ के बाद आरोपी की बेरहमी से पिटाई



**कपूरथला।** पंजाब के अमृतसर में कथित बेअदबी के प्रयास में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के कुछ घंटों बाद कपूरथला जिले में स्थानीय लोगों ने एक अन्य व्यक्ति की पिटाई कर दी। निजामपुर गांव के निवासियों ने रविवार तड़के एक गुरुद्वारे के पास एक शख्स को इस आरोप में पकड़ा कि वह तड़के चार बजे गुरुद्वारे में निशान साहिब का अपमान कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुद्वारा के कार्यवाहक अमरजीत सिंह ने एक वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। ऐसी जानकारी मिली है कि कपूरथला जिले के निजामपुर गांव के गुरुद्वारे में एक शख्स ने निशान साहिब की बेअदबी की। ग्रामीणों ने बेअदबी करने वाले को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी बनाया।वीडियो बनाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि उनके बगल में पुलिस चौकी है, लेकिन वे इसे पुलिस को नहीं सौंपेंगे। इसे अपनी कस्टडी में रखेंगे। उन्होंने सिख संगठनों को बुलाया है। वही इसका फैसला करेंगे। अभी पकड़े गए युवक की जानकारी नहीं मिल पा रही है। उधर, पुलिस ने भी उसे हिरासत में लेने की पुष्टि नहीं की है।

### फिलीपींस में राई तूफान से भारी तबाही, 75 की मौत, 3 लाख लोगों ने घर छोड़ा



**बोहोल।** फिलीपींस में आए राई तूफान में कम से कम 75 लोगों की मौत दर्ज की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह तूफान इस साल देश में आने वाला सबसे खतरनाक तूफान है। 3 लाख से ज्यादा लोगों अपना घर छोड़कर सुरक्षित ठिकानों की तरफ निकले हैं। फिलीपींस के दक्षिणी और मध्य इलाकों में इस तूफान ने तबाही मचाई है। तूफान के चलते कई इलाकों में कई घरों की छतें उड़ गई हैं और बिजली के खंभे उखड़ गए हैं। इसके चलते पॉवर कट हो गया है और दूसरे क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है। फिलीपींस के बोहोल के गवर्नर आर्थर यैप ने अपने फेसबुक पेज पर जानकारी दी कि फिलहाल 10 लोग लापता हैं और 13 लोग जख्मी हैं। गुरुवार को देश में आए सुपर टाइफून राई में हवाएं 195 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थीं।

### प्रधानमंत्री गोवा में मुक्ति दिवस समारोह में शामिल होंगे



**नई दिल्ली।** गोवा की आजादी को आज 60 साल पूरा हो रहा है। इस मौके पर आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह जानकारी गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोदी सावंत ने शनिवार को दी। मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, च्प्रधानमंत्री मोदी को गोवा के 60वें मुक्ति दिवस के मौके पर आमंत्रित किया गया है। वे रविवार दोपहर 2 बजे आजाद मैदान में पहुंच जाएंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होगा।

### मेक्सिको में हॉलिडे पार्टी के दौरान फायरिंग; 4 की मौत और 2 घायल

**मेक्सिको।** यहां के उत्तरी इलाके में शनिवार को एक घर में घुसकर कुछ बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और दो घायल हुए हैं। घर में लोग हॉलिडे-सीजन पार्टी के लिए जुटे थे। यह हमला किस मकसद से हुआ, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

# कुत्तों और बंदरों के बीच गैंगवार

**बीड़।** महाराष्ट्र में बंदरों की हिंसा का अजीब मामला आया है। यहां के बीड जिले के मालेगांव में दो बंदरों ने बीते करीब 3 महीनों में 40 पपी (कुत्ते के पिल्ले) को मार डाला। ये बंदर पिल्ले को उठाकर ऊंचाई पर चढ़ जाते और वहां से फेंक देते। एक के बाद एक केस सामने आने के बाद वन विभाग हरकत में आया। अब दोनों बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ने की तैयारी की जा रही है। नागपुर वन विभाग इस कार्रवाई को अंजाम देगा। 40 पपी की हत्या के ये मामले बीड से नागपुर के बीचे आए हैं। हालाय ये हैं कि मालेगांव के लावूल गांव में एक भी पपी नहीं बचा है। इसको लेकर ग्रामीणों में चिंता है। शनिवार को, बीड वन अधिकारी सचिन कांड ने एएनआई समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि



हत्याओं में शामिल दो बंदरों को नागपुर वन विभाग की एक टीम ने पकड़ लिया था। दोनों बंदरों को बीड से नागपुर ले जाया जाएगा और फिर पास के जंगल में छोड़ दिया जाएगा

### अब तक 40 पपी का मर्डर, वन विभाग परेशान, देगा यह सजा

स्थानीय लोगों के अनुसार लावूल गांव में बंदरों बनाम कुत्तों का गैंगवार तब शुरू हुआ जब इलाके में कुछ आवारा कुत्तों ने एक नवजात बंदर को मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मौत का बदला लेने के लिए बंदर तब से पिल्लों को उठाकर पेड़ों और ऊंची इमारतों के ऊपर से फेंक रहे हैं।

# केरल में खूनी संघर्ष

## 12 घंटे में भाजपा और एसडीपीआई के दो बड़े नेताओं की हत्या



**अलझुप्पा।** केरल के अलझुप्पा में 12 घंटे के भीतर दो नेताओं की हत्या के बाद से सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक यहां सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो राज्य स्तरीय नेता को मौत के घाट उतार दिया गया है। हत्या के बाद से तनाव का माहौल है जिसके चलते इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह भाजपा के ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव रंजीत श्रीनिवासन की हत्या उनके घर के सामने ही कर दी गई, जिसके बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने कहा कि भाजपा नेता सुबह की सैर के लिए निकले थे, तभी हमलावरों की आठ सदस्यीय टीम ने उन पर हमला किया और उन्हें चाकू मार दिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। एसडीपीआई के राज्य सचिव शान केएस (38) की शनिवार की रात अज्ञात गिरोह ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। एसडीपीआई नेता पर उस समय हमला किया गया, जब वह अपने स्कूटर पर मन्नाचेरी में घर लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि एक कार में आए हमलावरों ने पहले उसके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और नीचे गिरने पर उनपर कई बार चाकू से हमला कर दिया गया। पीड़ित को कई फ्रैक्चर और सिर में चोटें आईं और बाद में एर्नाकुलम के एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

# कर्नाटक में धर्मांतरण करवाने वालों पर लगेगा 5 लाख का जुर्माना




### नए कानून में होगा प्रावधान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की भाजपा सरकार विधानसभा सत्र के दौरान धर्मांतरण विरोधी कानून लेकर आने वाली है। भाजपा की बसवराज बोम्मई सरकार ने इस बात के संकेत दिए हैं कि धर्मांतरण विरोधी कानून को और सख्त बनाया जाएगा। बिल के नए मसौदे में सजा की अवधि तीन साल से बढ़ाकर 10 साल और जुर्माने की रकम 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख और 5 लाख तक की जा सकती है।कर्नाटक विधानसभा सत्र के दौरान बसवराज बोम्मई सरकार धर्मांतरण विरोधी कानून को और सख्त कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस सप्ताह सरकार विधानसभा के पटल पर कर्नाटक धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार संरक्षण विधेयक 2021 बिल पेश कर सकती है। सरकार का ये कदम हाल ही में हिंदू धर्म से इस्लाम और ईसाई धर्म में परिवर्तन की खबरों के बीच आया है। सत्तारूढ़ भाजपा इस विधेयक को शीतकालीन सत्र के दौरान कर्नाटक विधानसभा में पेश करने पर जोर दे रही है। राज्य सरकार ने प्रस्तावित कानून की वैधता की जांच के लिए पिछले कुछ दिनों में कई बैठकें भी आयोजित की हैं। बुधवार रात को विधायक दल की हुई बैठक में भाजपा ने यह निर्णय लिया कि मौजूदा सत्र के दौरान सदन में प्रस्तावित विधेयक पेश किया जाएगा।

## बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर डकैती

### हैदराबाद में IT अफसर बनकर 9 लोग कारोबारी के घर में घुसे, 1 किलो सोना और कैश ले गए



**हैदराबाद।** बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर डकैती का मामला हैदराबाद में सामने आया है। यहां गाचीबोवली में ढ्ढञ्ज अफसर बनकर 9 लोग एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर में घुसे और 1 किलोग्राम सोना और कैश लूटकर आराम से गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबराबाद के पुलिस कमिश्नर स्टीफन रवींद्र ने बताया कि मामला सोमवार का है। पुलिस ने मामले पर फौरी कार्रवाई करते हुए आरसी पुरम रेलवे स्टेशन से डकैती में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान वाई अरविंद, एन मुरली श्रीधर, पी वेंकट राव, एस संदीप और पी मोहन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनसे 1 किलो 276 ग्राम सोना भी बरामद किया है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी एम जसवंत, साईं बाबा, श्रीनिवास और सी श्रीनिवास को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक मामले का मास्टर माइंड एम जसवंत है, जो रियल एस्टेट कारोबारी वेंकट सुब्रमण्यम के यहां पिछले डेढ़ साल से कलेक्शन एजेंट के रूप में काम कर रहा है। डकैती के दौरान वेंकट सुब्रमण्यम घर में मौजूद नहीं थे। जबकि एम जसवंत को उनके परिवार के लोग नहीं पहचानते थे।

### बाप रे! 50 किलोग्राम डायनामाइट से उड़ा दी अपनी ही 75 लाख की Tesla कार



**नई दिल्ली।** टेस्ला कार मालिक ने परेशान होकर अपनी ही कार को धमाके से उड़ाने का मामला सामने आया है। इनोवेशन और नई टेक्नोलॉजी के मामले में टेस्ला कार को दुनिया में एप्पल कहा जा सकता है। हालांकि हाल ही में इस ऑटो टेक कंपनी को सॉफ्वेयर, ऑटोपायलट, ड्राइवर-असिस्ट सिस्टम सहित कई चीजों में खराबी आने के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा है। लेकिन अब एक नया मामला सामने आया है जिसमें टेस्ला मॉडल एस कार मालिक ने परेशान होकर 50 किलो डायनामाइट से अपनी महंगी इलेक्ट्रिक सेडान धमाके से उड़ा दी। 2013 Tesla Model S के मालिक Tuomas Katainen ने अपनी कार को EV कंपनी की सेवा से निराशा होकर धमाके से उड़ा दिया है। दरअसल टेस्ला मॉडल एस के इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में दिखने वाले मल्टीपल एरर कोड में खराबी आई। जिसके बाद सेडान को टेस्ला सर्विस सेंटर ले जाया गया। एक महीने के इंतजार के बाद कार के मालिक को ईवी कंपनी से जानकारी मिली कि पूरे बैटरी पैक को बदले बिना सेडान को ठीक नहीं किया जा सकता है, जिसकी कीमत उसे 22,480 डॉलर (17,08,783 रुपए) देनी होगी।कार लगभग आठ साल पुरानी थी, इसलिए इसके बैटरी की कोई वारंटी कंपनी की तरफ से नही दी जा रही थी। इस बात से दुखी टेस्ला कार के मालिक ने 30 किलो डायनामाइट से अपनी कार के परखच्चे उड़ा दिए।

### कोलकाता नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान

**कोलकाता।** महनगर कोलकाता में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। मतदान केंद्रों के बाहर लोगों की कतारें लगी हुई हैं। कुल 1,776 पोलिंग बूथ पर वोटिंग चल रही है। वोटों की गिनती 21 दिसंबर को होगी।






# उत्तर भारत में सर्दी का सितम, पहाड़ों पर बर्फबारी

**नई दिल्ली।** दिंसबर महीने में सर्दी का सितम बढ़ गया है। कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। पहाड़ी इलाकों में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड ने जीना दुश्वार कर दिया है। राजधानी दिल्ली में सर्द हवाओं ने लोगों को अपने घरों में कैद कर दिया है। उधर, राजस्थान के सीकर में तापमान माइनस में चले गया है। यहां खेत में पेड़ और पौधों पर ओंस जम गई है। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में कुछ हिस्सों में अभी शीतलहर की स्थिति बने रहने की उम्मीद है।

### हिमाचल प्रदेश में बर्फ से अटी सड़कें

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश और बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य और पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में



और गिरावट आ सकती है। वहीं, रविवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि प्रशासन ने पर्यटकों और आम जनता से सावधानी बरतने की अपील की है। उत्तराखंड प्रदेश में मौसम के करवट बदलते ही ठंड में इजाफा हो गया है। पहाड़ों में कुछ स्थानों पर तापमान गिरने के कारण झरने और नाले जमने लगे हैं। वहीं, मौसम विभाग ने प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं ठंडी हवाओं ने मैदानी इलाकों में कंपकंपी बढ़ा दी है।

### दिल्ली-राजस्थान में ठंडी हवाओं ने छुड़ाई कंपकपी

### दिल्ली में सर्द हवाएं

राजधानी दिल्ली में शनिवार को इस मौसम का सबसे सर्द दिन रहा। दिनभर में औसतन अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा। अगले कुछ दिन दिल्ली में सर्द हवाएं चलने का अनुमान है। हवा की गति बढ़ने से वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली सुधार आया है। यह खराब श्रेणी में 291 अंक पर रहा।

### अमरकंटक में तापमान तीन डिग्री

रविवार को अनूपपुर जिले के अमरकंटक में सुबह तापमान तीन डिग्री दर्ज हुआ। यहां घास पर ओस जम गई थी जो पूरी तरह से सफेद नजर आई। पिछले 24 घंटे से बर्फीली हवाओं से पूरा जिला ठिठुर रहा है। रविवार सुबह गलन भरी ठंड ने लोगों को कंपकंपाने के लिए मजबूर कर दिया।मौसम विभाग के अनुसार कड़ाके की सर्दी आने वाले तीन दिनों तक रहेगी। जिस तरह से मौसम है तापमान और नीचे जाने की संभावना है। ऐसे में मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच पलटकर आई कड़ाके की ठंड के दौरान लोगों को भारी ठंड का सितम झेलना पड़ सकता है और पवित्र नगरी अमरकंटक जो मैकल पर्वत पर यहां भी तापमान शून्य डिग्री से नीचे जाने की संभावना बनी हुई है।



## थमे सवारी आटो के पहिए

# छोटी लाइन फाटक के पास चालकों का जमावड़ा

**जबलपुर, यश भारत। परिवहन विभाग द्वारा की जा रही कारज़्वाई के विरोध में शनिवार को तमाम सवारी आटो के पहिए थमे रहे। जिसके चलते शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।**

सैकड़ों की संख्या में आटो चालक छोटी लाइन फाटक के पास पहुंचे और मैदान में धरने पर बैठ गए। पूवज़् मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू की अगुवाई में उन्होंने परिवहन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। आटो चालकों ने कहा कि परिवहन विभाग अवैध वसूली पर उतारू है। जिसके चलते वे परिवार सहित भूखे मरने की स्थिति में आ गए हैं। कालीमठ मदनमहल निवासी आटो चालक विनोद पासी ने आथिज़्क तंगी से परेशान होकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। रांझी निवासी आटो चालक चंद्रकांत अहिरवार ने विगत दिवस खुद को आग के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि हाई कोटज़् के आदेश की आड़ लेकर एआरटीओ संतोष पाल आटो चालकों को परेशान कर रहे हैं। परिवहन कायाज़्लय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।

### 15 दिन खड़ा करवा देते हैं आटो

संयुक्त (समस्त) आटो चालक संघ के मोहसिन अली, शीतल ठाकुर आदि ने कहा कि दस्तावेज पूरे होने के बावजूद आटो वाहनों को जब्त किया जा रहा है। एक माह से आटो चालकों से बेजा वसूली की जा रही है। 15 दिन तक आटो को जब्त रखा जा रहा है। जिन्हें छोड़ने के लिए हजारों रुपये की मांग की जाती है। फिटनेस, मीटर सत्यापन, बीमा, प्रदूषण संबंधी दस्तावेज पूरे होने के बावजूद वसूली की जा रही है।

## शक्तिभवन से राजस्व प्रबंधन के मुखिया को भोपाल में किया तैनात

# ये विखंडन नहीं तो क्या ?, मुख्यालय की बजाए एमपी पीएमसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय में बैठाया

**जबलपुर। बिजली कंपनी के मुख्यालय शक्तिभवन को कमजोर करने की साजिश फिर तेज हो गई है। बिजली कंपनियों के लिए राजस्व का हिसाब किताब बनाने वाले विभाग को भोपाल ले जाने की शुरुआत हो गई है। अभी मुख्य महाप्रबंधक राजस्व प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से भोपाल में कायज़्भार ग्रहण करने के आदेश हुए है।**



सिफज़् यहीं नहीं मप्र पॉवर मैनजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक खुद भोपाल को मुख्यालय बना चुके हैं। उनके पास सचिव ऊजाज़् का अतिरिक्त प्रभार है जिस वजह से भोपाल में ही रहकर कायज़् कर रहे हैं।

### क्या हुआ अभी

राजस्व प्रबंधन के मुख्य महाप्रबंधक फ्रिोज मैश्राम को कपंनी प्रबंधन ने भोपाल में कंपनी के क्षेत्रीय कायाज़्लय में पदस्थ कर दिया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से इस पर अमल करने को कहा गया है। यानी राजस्व से जुड़ा सारा हिसाब किताब जो कंपनी मुख्यालय से तैयार किया जाता था अब भोपाल में बैठकर होगा। अभी पूरे दफ्तर के अधिकारी और कमज्चारियों को यहीं रखा है लेकिन माना जा रहा है कि धीरे-धीरे हर किसी को भोपाल में ही बुलाया जाएगा। इससे पूवज़् पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विवेक पोरवाल ने भी जब से कायज़्भार ग्रहण किया है उनके आधा दजज़्न से दौर ही मुख्यालय में हुए है।



# नि: शुल्क हृदय रोग जांच शिविर सम्पन्न

जबलपुर। सेवाभारती महाकोशल प्रान्त द्वारा नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हरिश्चंद्र चंदेल के सानिध्य में सेवा भारती कार्यालय माढ़ोताल में किया गया शिविर में मरीजों को ई सी जी ब्लडशुगर एवं लिपिड प्रोफाइल की जांच सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे , रेडक्रास के सचिव डॉ आशीष दीछित , डॉ बी के पांसे , महेश सोनी, राजेश जैन सी ए , रमेश अवस्थी , अतीत तिवारी, सचिन अग्रवाल अधिवक्ता, चंद्र मोहन मिश्रा नीरज गुप्ता सहित छेत्रियजन उपस्थित रहे विदित हो कि सेवा भारती नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सेवा बस्ती में निरंतर करती आ रही है।

# खतरनाक विस्फोटक का सफल विशिष्टीकरण जारी

## खमरिया में48वर्ष पूर्व बने थे आमला मे चल रहा आपरेशन

**जबलपुर यशभारत** ।खमरिया फैक्ट्री में 48 वर्ष पूर्व बनाए गए खतरनाक30 एम एम एडेन सेल के एक्सपायरी डेट खत्म हो जाने के बाद उसका सफलतापूर्वक विशिष्टीकरण खमरिया की एक्सपर्ट टीम द्वारा आमला के एयरफोर्स केंद्र में किया जा रहा है।अब तक करीब तीन हजार सेल का सफलतापूर्वक विशिष्टीकरण किया जा चुका है।ऐसे करीब70 हजार सेलों को नष्ट करना है।



उल्लेखनीय है कि हर विस्फोटक के निर्माण के बाद उसकी एक्सपायरी डेट तय कर दी जाती है।तय समय में विस्फोटकों का उपयोग न होने के बाद उसका विशिष्टीकरण किया जाता है।यह बहुत ही कठिन काम होता है।इसके लिए जानकर और चुनिंदा फैक्ट्री कर्मचारियों अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

गत दिवस आयुध निर्माणी खमरिया जबलपुर के महाप्रबंधक द्वारा एक सेफ्टी टीम का गठन कर एयरफोर्स के आमला के लिए 16 दिसंबर को भेजा गया द्य जिसके नेतृत्व मुख्य संरक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र कर रहे हैं।वे 15 सदस्यीय टीम को लेकर सफलता पूर्वक इसे अंजाम दे रहे हैं।अब तक करीब चार हजार30 एम एम एडेन सेल को विनिस्ट किया जा चुका है द्य चूंकि यह सेल 1973 का बनाये गए थे। इसलिए ये काफी रिस्की हैं। विनिस्तिकरण को सफल बनाने मे मानस सिंह प्रभात जायसवाल राकेश पासवान अजय कुमार संदीप बासु देव राम बंजारा आदि पूर्ण सावधानी सतर्कता के साथ लगे हुए हैं।

# उच्च माध्यमिक शिक्षक कब बनेंगे प्राचार्य

## प्रदेश के रिक्त हाई प्राचार्य पद पर की जाये उच्च माध्यमिक शिक्षक की पदस्थापना

जबलपुर । म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ( शिक्षक अध्यापक प्रकोष्ठ ) जबलपुर द्वारा बताया गया कि प्रदेश के जिलों में हाई स्कूल वाली शालाओं में प्राचार्य के हजारों पद रिक्त पड़े हैं नियमित प्राचार्य की पद स्थापना न होने के कारण शालाओं का शैक्षणिक स्तर में गिरावट हा रही है । विभाग में वर्ष 1998 से पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक जिन्हें 23 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव हैं इसके बाद भी उनकी योग्यता व अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए आज तक उन्हें हाई स्कूल का प्राचार्य नहीं बनाया गया । प्रदेश में सैंकड़ों हाई एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूल में प्राचार्यों के पद खाली पड़े हैं जो प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं इसके बाद भी शासन द्वारा गंभीरता न दिखाते हुए इन खाली पड़े पदों पर उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्राचार्य नहीं बनाया जा रहा जिसका असर हाई एवं हायर सकेण्ड्री स्कूलों के परीक्षा परिणामों पर दिख रहा है । उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्राचार्य बनाये जाने से शाला के शैक्षणिक स्तर व गुणवत्ता के साथ साथ प्रशासनिक कसावट भी शाला में देखने को मिलेगी । यह समक्ष से परे है कि सरकार द्वारा ऐसा कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा है । संघ के मुकेश सिंह , मनीष चौबे , योगेन्द्र मिश्रा , नितिन अग्रवाल , गगन चौबे , श्याम नारायण तिवारी , मनीष लोहिया , राकेश दुबे , प्रणव साहू , गणेश उपाध्याय , राकेश पाण्डेय , सुदेश पाण्डेय , मनीष शुक्ला , विजय कोष्टी , धीरेन्द्र सोनी , मो.तारिक , विष्णु पाण्डेय , सोनल दुबे , देवदत्त शुक्ला , अभिषेक मिश्रा , अब्दुल्ला चिस्ती , संतोष तिवारी , महेश कोरी , विनय नामदेव , पवन ताम्रकार , प्रियांशु शुक्ला , आशीष जैन , ब्रजेश गोस्वामी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी , माननीय शिक्षा मंत्री जी एवं आयुक्त , लोक शिक्षण , म.प्र . भोपाल को ई - मेल भेजकर मांग की है कि प्रदेश में खाली पड़े हाई स्कूल प्राचार्य के पदों पर उच्च माध्यमिक शिक्षक की पदस्थापना की जाये।

## मप्र अग्रहरि समाज के चुनाव 26 को सतना में

जबलपुर। अखिल भारतीय अग्रहरि समाज के बैनर तले मध्यप्रदेश अग्रहरि समाज के मूल संगठन का चुनाव आगामी 26 दिसंबर 2021 दिन रविवार को सतना में संपन्न होंगे । जहां प्रदेश अध्यक्ष प्रदेशमहामंत्री प्रदेश कोषाध्यक्ष के पदों का चुनाव द्वारा निर्वाचन किया जाएगा चुनावी प्रक्रिया में मध्य प्रदेश अग्रहरि समाज के पत्रिका सदस्य व शुल्क से बने नवीन प्रदेश सदस्यों के द्वारा मतदान किया जाएगा जहां चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण अग्रहरी उप चुनाव अधिकारी विनय अग्रहरी चुनाव व्यवस्थापक सुप्रीत अग्रहरी विवेक अग्रहरी पीठासीन मतदान अधिकारी अशोक अग्रहरि व सहायक पीठासीन अधिकारी नितिन अग्रहरी होंगे कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रहरी के नेतृत्व में चुनाव कार्य कराया जाएगा मालूम हो कि मध्य प्रदेश अग्रहरी समाज के तीनों पदों का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है चुने हुए प्रतिनिधि प्रदेश के समाज का नेतृत्व करेंगे चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक पद्धति से होगा।




# बढ़ती हुई महंगाई का विरोध युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जबलपुर । युवा कांग्रेस जिला महासचिव अभिषेक सोनकर के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई को लेकर गाँधी भवन में महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समक्ष बैठकर विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस जिला महासचिव अभिषेक सोनकर ने बताया कि जिस तरह देश मे हर चीजों के दाम आसमान छू रहे है उससे जनता बहुत परेशान है। कोरोना काल के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोग जैसे तैसे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने मे जुटे हुये है तो वही बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी हैरसोई गैस के दाम जहाँ हजार रूपये का आकड़ा छूने आतुर है तो वही पेट्रोल डीजल भी लोगो की हालत खराब कर रहा हैसरकार द्वारा ऐसा कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है जिससे जनता को राहत मिल सकेये सरकार चाहती है कि इस देश के लोग भूखे-नंगे होकर भीख मांगने के लिए सड़कों पर आ जायं। प्रदर्शन में अंकुश चौधरी, सनी परिहार, प्रवीण चौधरी, राजेश गुप्ता, कृष्णा यादव, अभय ठाकुर, ओम सोनकर, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अदनान खान, दीपक धूसिया, अनमोल सोनकर, आदि उपस्थित थे ।

# रीवा में भूतपूर्व सैनिकों के लिए खोली गई कैंटीन

## सी एस डी कैंटीन से लाभान्वित होंगे29 हजार भूतपूर्व सैनिक

जबलपुर यशभारत ।रीवा और उसके आसपास क्षेत्रों में निवास करने वाले वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवार के लिए सैन्य प्रशासन ने कल्याणकारी कदम उठाते हुए सेना के वन एस टी सी इकाई द्वारा सी एस डी केंटीन खोली गई है ।जिसका उद्घाटन शनिवार को लेफ्टिनेंट जनरल एस मोहन, एस एम वी एस एम जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत क्षेत्र के द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि रीवा और उसके आसपास के क्षेत्रों के युवा सेना में कार्यरत या भूतपूर्व सैनिक निवास करते हैं। भूतपूर्व सैनिक तथा शहीदों की नारियों को पहले लम्बी दूरी तय कर सी एस डी से सामान लेने के लिए जबलपुर जाना पड़ता था। जिससे उनका समय और पैसे लगने के साथ अन्य परेशानियों से गुजरना पड़ता था ।अब यहां सी एस डी केंटीन खुल जाने से लगभग 29हजार भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियों को इस कैंटीन से लाभ होगा। अब सभी भूतपूर्व सैनिक तथा वीर नारियां अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे ।इसके साथ ही उन्हें रीवा में सी एस डी सुविधाओं के साथ चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए एकल बिन्दु के रूप में सेवा मिलेगी।



# जबलपुर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता पूनम जैन निर्वाचित

जबलपुर । टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के सत्र-2021-23 के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। इसमें अधिवक्ता पूनम जैन अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि अधिवक्ता एसएस ठाकुर महासचिव पद पर चुने गए। जबकि शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ ।मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता प्रकाश चंद्र नेमा, अतिरिक्त चुनाव अधिकारी अधिवक्ता शिशिर नेमा व सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता पंकज नेमा ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता पूनम जैन व अधिवक्ता घनश्याम अग्रवाल के बीच मुख्य मुकबाला था। कुल 203 मतों में से जैन को 120 व अग्रवाल को 83 मत हासिल हुए। इस तरह जैन ने अग्रवाल को 37 मतों से पराजित कर दिया। जबकि महासचिव पद के चुनाव में मुख्य मुकाबला अधिवक्ता एसएस ठाकुर व अधिवक्ता अमित कुमार श्रीवास्तव के बीच था। ठाकुर को 121 व श्रीवास्तव को 82 मत मिले। इस तरह ठाकुर ने श्रीवास्तव को 39 मतों से पराजित कर दिया ।दूसरे चरण में उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता दिनेश सिंघल व राधेश्याम साहू, सचिव पद पर अशोक बलानी व विशुद्ध जैन, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश जैन राजा व निदेशक मंडल सदस्य पद पर अधिवक्ता अब्दुल फरीद खान, आनंद नेमा, अनंत मिश्रा, दीपक पोपट, देवांग बाविशी, नितेश वर्मा, प्रवीण जोशी, संजय नेमा, सतीश नेमा व शिव प्रकाश श्रीवास्तव निर्वाचित हुए।



# विधु यादव व हसन अली 42 वी अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी हेतु एम्पायर नामित

जबलपुर। कपूरथला पंजाब में आयोजित होने वाली 42 वी अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी ;महिला प्रतियोगिता हेतु पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के सुश्री विधु यादव व हसन अली को एम्पायर नामित किया है। अंतर रेल हॉकी महिला प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। साथ ही साथ इस प्रतियोगिता में हिन्दुस्तान के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल हिन्दुस्तान का नाम रोशन किया वरन् हॉकी को एक नई पहचान दी वे सभी भाग ले रहे है।




## पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय वालीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता

# गुजरात,हनुमानगढ़ अमरावती ने बटोरे पूरे अंक

**जबलपुर, यश भारत। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शारीरिक शिक्षण विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालयीन वालीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है जिसके ए के 09 मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, खेल परिसर खेले गए ।**



। प्रतियोगिता में पांच राज्य राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं गोवा की टीमें शामिल हो रही हैं। प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अभिमन्यु जैन, वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं अध्यक्षता श्री यू. एस. दुबे, साहित्यकार ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. कौशल दुबे, डॉ. शक्ति सिंह मण्डलोई, राज सागरी, वरिष्ठ साहित्यकार, सुरेश मिश्र विचित्र, वरिष्ठ व्यंग्यकार, प्रमोद तिवारी मुनि उपस्थित रहे ।द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में माननीय विनय सक्सेना, विधायक, उत्तर मध्यविधान सभा क्षेत्र जबलपुर एवं अध्यक्षता प्रो. कपिलदेव मिश्र, कुलपति रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक मिश्र, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय, प्रो. विशाल बन्ने, रा. दु.वि.वि., डॉ.एस.डी.लखेरा. क्रीड़ाधिकारी, शरदचंद पालन, अध्यक्ष शासी निकाय उपस्थित रहे। पूल ए के मैचों में आई.आई.टी.ई गुजरात ने वी.जी.यू. जयपुर को, के.यू.एच. हनुमानगढ ने आत्मीय यूनिवर्सिटी राजकोट को एम.सी.यू.वी. छतरपुर ने एम.एस.सी.यू. बडौदा को. एस.बी.वी मुम्बई ने पी.ए.एच.ए. उदयपुर को, एम. एस. उदयपुर ने संजय गांधी कोल्हापुर वि.वि. को, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान ने ए.यू.आर.ओ. सूरत को हराकर अगले चक्र में प्रवेश लिया। जे.आर.एन.विद्यापीठ उदयपुर ने गोवा के विरुद्ध, एस.जी.बी.ए. अमरावती ने एस.के.डी.ए. वि.वि. कुशीनगर के विरुद्ध, बी.एम.यु.सूरत ने मारवाड़ी यूनिवर्सिटी राजकोट के विरुद्ध वॉकओवर प्राप्त किया। समस्त मैचों में रैफरी की भूमिका अशोक नामदेव, जबलपुर, छतर सिंह तोमर, मुरैना, माधुरी शर्मा, जबलपुर, उपदेश तोमर, मुरैना, अरविंद डौगरे, जबलपुर, सोनू पटेल, इटारसी ने निभाई। समस्त प्रतियोगिता में मंच संचालक की भूमिका डॉ. आनंद सिंह राणा एवं डॉ. कौशल दुबे ने निभाई।

# हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन



**जबलपुर।** रत्ना कला केंद्र गोलबाजार मैदान शहीद स्मारक जबलपुर में म.प्र.हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा 10 दिसंबर से आयोजित प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन है । प्रदर्शनी प्रभारी श्री प्रदीप कोष्टा द्वारा बताया गया कि कोरोना के बाद से जबलुर में कोई प्रदर्शनी का आयोजन नहीं किया जा सका था । ग्राहकों द्वारा कई बार व्यक्तिगत या दूरभाष पर पूछा गया कि आपकी प्रदशनी कब से लग रही है, ग्राहकों के इस रूझान को दृष्टिगत रखते हुये इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । एवं आये हुये ग्राहकों द्वारा प्रदर्शनी की खूब सराहना की जा रही है । ग्राहक कहते हैं कि कम से कम प्रदर्शनी का आयोजन तो प्रारंभ हुआ । प्रदर्शनी में कोसा साडियों का जो काउंटर आया हुआ है वह चाँपा की तर्ज पर वारासिवनी जिला बालाघाट में तैयार किया गया है ।

# चरगवां में नकली पीव्हीसी पाइप फैक्ट्री में छापा

## दो करोड़ के पाइप-मशीन के साथ 59 हजार नगदी जब्त









**जबलपुर यशभारत। खाद्य सामग्री से लेकर यूरिया के बाद अब नकली पानी के पाइप का गोरखधंधा भी किया जा रहा है। इसकी एक बानगी चरगवां के औद्योगिक क्षेत्र उमरिया-डुगरिया में देखने को मिली। जहां पर नकली पीव्हीसी पाइप बनाने वाली फैक्ट्री संचालित हो रही थी।**

पुलिस को सूचना लगी कि लंबे समय से इस क्षेत्र में नकली पाइप बनाए जा रहे हे और उसमें नामी, ब्रांडेड कंपनी के स्टीकर लगाकर मार्केट में बेंचने का व्यापार किया जा रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर लाखों रूपये कीमती कूट रचना कर ब्रांडेट कम्पनी से मिलते जुलते बनाये हुये पाईप एवं विभिन्न ब्रांडेड कम्पनियों के स्क्रीनिंग सांचा तथा फैक्ट्री में रखे लगभग 1 करोड़ रूपये कीमती पाईप एवं लगी हुई 1 करोड रूपये कीमती मशीने तथा बिक्री के 59 हजार रूपये जब्त किए गए हैं। जानकारी अनुसार पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक

### 2 आरोपी पुलिस गिरफ्त में 2 की तलाश जारी

बरगी सुश्री प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में थाना चरगवॉ की टीम को पाईप इंड्रस्टीज में दबिश देते हुये लाखों रूपये कीमती कूट रचना कर ब्रांडेट कम्पनी से मिलते जुलते बनाये हुये पाईप एवं विभिन्न ब्रांडेड कम्पनियों के स्क्रीनिंग सांचा तथा फैक्ट्री में रखे लगभग 1 करोड़ रूपये कीमती पाईप एवं लगी हुई 1 करोड़ रूपये कीमती मशीने तथा बिक्री के 59 हजार रूपये जब्त किए गए है। जानकारी अनुसार आनंद जैन 48 वर्ष निवासी अरेरा कॉलोनी भोपाल ने लिखित शिकायत की कि बहुत दिनों से सूचना मिल रही थी कि चरगवॉ अंतर्गत उमरिया डुंगरिया इण्डस्ट्रीज एरिया में पलीसेट पाईप इण्डस्ट्रीज हाईकर मार्क कम्पनी के पीवीसी पाईप की फैक्ट्री है, जिसमें स्वंय का मार्क न लगाकर जैन इरीगेशन कम्पनी एवं सुपरजैन के साथ साथ अन्य ब्रांडों के अवैध आईएसआई मार्क लगाकर निर्माण कर बिक्री की जा रही है।

### अवैध पीवीसी पाईपों का निर्माण कर बेच रहे थे

शिकायती आवेदन में पीड़ित ने बताया कि जैन इरीगेशन कम्पनी का नाम खराब हो रहा है एवं उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है, पालीसेट पाईप इण्डस्टीज कम्पनी श्रीमती माया गुप्ता एव उनके पति गुलाबचंद गुप्ता निवासी हाथीताल कॉलोनी गोरखपुर के नाम पर है, फैक्ट्री का संचालन एवं प्रबंधन का कार्य उनका भतीजा दीपक गुप्ता एवं भांजा संदीप गुप्ता मिलकर कर रहे हैं एवं फैक्ट्री में अवैध पीवीसी पाईपों का निर्माण कर बेच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा तत्काल आदेशित किये जाने पर ग्राम डुंगरिया पालीसेट पाईप इण्डस्ट्रीज में दबिश दी गयी। पालीसेट पाईप इण्डस्टीज में दीपक गुप्ता एवं संदीप गुप्ता निवासी हाथीताल कॉलोनी गोरखपुर के मिले, जिन्होंने पूछताछ करने पर बताया कि श्रीमती माया गुप्ता के नाम पर पलीसेट पाईप इण्डस्टीज है जिसकी देखभाल उनके पति गुलाबचंद गुप्ता करते हैं एवं वह दोनों प्रबंधन का काम करते हैं। पाईपों में जो मार्क लगाये गये हैं वह गुलाबचंद गुप्ता के कहने पर लगाये हैं एवं दोनों ने बताया कि पलीसेट इण्डस्ट्रीज में ड्डहाईकर ट्रेडमार्क के पीवीसी पाईप बनाये जाते हैं जो गुलाब चंद गुप्ता एवं श्रीमती माया गुप्ता के कहने पर लगाये गये हैं।कार्रवाई में 3 बाटल तारपीन तेल तथा नगदी 59 हजार रूपये पाईप बिक्री तथा फैक्टी में रखे 1 करोड़ रूपये कीमती विभिन्न एम.एम. के पाईप तथा 1 करोड़ रूपये कीमती मशीनों को सील किया गया है। जांच के बाद भतीजा दीपक गुप्ता उम्र 32 वर्ष एवं भांजा संदीप गुप्ता 28 वर्ष दोनों निवासी हाथीताल कालोनी को अभिरक्षा में लेते हुये श्रीमति माया गुप्ता एवं गुलाबचंद गुप्ता की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## सिहोरा में इंगेजमेट के बाद युवती ने पिया जहर, मौत

**जबलपुर, यशभारत।** शादी की उम्र होने पर माता-पिता ने लड़की का विवाह सामाजिक परिवेश में निर्धारित कर विवाह की प्राथमिक रस्मों की शुरूआत की। इंगेजमेट होने के 24 घंटे बाद ही लड़की ने अज्ञात कारणों की जहर पी लिया, जिसकी मौत हो गई। एक दिन पहले जिस घर में खुशी का माहौल था, आज उसी घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टज़्म के लिए भेजते हुए मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सिहोरा थाना के ग्राम बरगी में रहने वाले सोनी परिवार की बेटी राखी उम्र 25 साल ने आत्महत्या करने शनिवार को घर में कीटनाशक पी लिया। घर में उल्टियां होने के बाद परिजन लड़की को डाक्टर के यहां लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकीं थीं। बताया जाता है कि कुछ दिन बाद राखी का विवाह होने वाला था। शुक्रवार को घर में एंगेजमेंट (ओली) का कायज्क्रम था। कायज्क्रम दौरान राखी भी खुश थी, किसी को यह नहीं पता था, कि अगले दिन वह आत्महत्या कर लेगी। राखी ने सुसाइड क्यों किया इस संबंध में पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।



## पैरा मेडिकल के छात्रों का धरना प्रदर्शन जारी

**यशभारत,जबलपुर।** आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में प्रदेश के समस्त पैरा मेडिकल के छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मामले की छोर तक जाने पर पता चला कि समस्त पैरा मेडिकल छात्रों की मांग है कि ब ?ते कोरोना एवं ओमिक्रोम संक्रमण को देखते हुए प्रोमोशन देना चाहिए । अपनी बातों को मनवाने के लिए पैरा मेडिकल के छात्रों ने धरना प्रदर्शन के साथ भूखह ?ताल की। साथ ही एमपीएसयू और आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय उनकी मांगों पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नही कर रहा और जब कुलपति महोदय से बात करने गए तब पुलिस का सहारा लेकर कुलपति द्वारा सभी छात्रों को धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया एवं उनके साथ दुषव्योवहार किया गया। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी समस्त मांग विश्वविद्यालय स्वीकार नहीं करता तब तक सभी पैरा मेडिकल छात्र धरना प्रदर्शन जारी रखकर नारेबाजी करते रहेंगे।

## शहर के एथलीटों ने जीते स्वर्ण पदक

**जबलपुर।** मॉडर्न पेंटाथलॉन जबलपुर डिस्टिक एसोसेएशन के सचिव रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि हाल ही में ग्लोबल लेजर रन-2021 नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन उज्जैन के अक्षत इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान पर किया गया। जिसमें जबलपुर के सात मॉडर्न पेंटाथलॉन एथलीटों ने क्रमश: स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। इन पदक विजेता खिलाड़ियों को 2022 में ओलंदिपक को ध्यान में रखते हुए नेशनल कैंप में हिस्सा लेनेका मौका दिया जाएगा और इन खिलाड़ियों को मॉडर्न पैंटाथलॉन की बारीकियों को सीखने का मौका मिलेगा। मॉडर्न पैँटाथलॉन एसोसिएशन के सेव्रेसट्री ने जान कारी दी कि इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के लगभग 200 से अधिक अलग-अलग आयु समूह के एथलीटों ने भाग लिया। जिसमें जबलपुर के दिवाकर विश्वकर्मा, रूमानी पटेल, व चित्रासिंह, प्रिया गुप्ता ने स्वर्ण पदक एवं उ रचना, ईशान भारती, अर्थव भारती ने क रजत पदक हांसिल कर शहर को ब गौरवानावित किया। इस अवसर पर र अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, सचिव स सुनील भारती, रामनाथ सिंह, जीवन रजक, मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, स्टेनली नॉबर्ट, कुलदीप सिंह, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, तेजभान सिंह और सभी पूर्व एथलीटों एवं पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## नर्मदा परिक्रमा से मिलती है आत्मिक शांति - अतुल कृष्ण महाराज

**हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा**

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से पूर्णिमा के अवसर पर 325 वीं मां नर्मदा जन जागरण परिक्रमा रविवार को निकाली गई द्ययात्रा में प्रमुख रूप से वृंदावन से आए संत अतुल कृष्ण महाराज ने सहभागिता की द्य उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा से आत्मिक सुख ,शांति एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है । यह एकमात्र नदी है जिन की परिक्रमा की जाती है इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रात: 4:00 बजे से परिक्रमा प्रारंभ की द्य बड़ी संख्या में भजन मंडलियों ने मां नर्मदे का गुणगान किया। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के शरद अग्रवाल ,डॉक्टर शिव शंकर पटेल, मां नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ,पंडित मनमोहन दुबे आदि की उपस्थिति रही ।

## रोहतक की युवती मदनमहल में मिली घर से भागकर जा रही थी दिल्ली

**जबलपुर यशभारत।** श्रीधाम एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान मदन महल जीआरपी ने एक ऐसी लड़की को संदेह के आधार पर पकड़ा है जिसकी रोहतक(पंजाब) के बहू अकरमपुर थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज है। जीआरपी ने रोहतक पुलिस को सूचना दे दी है। खबर है कि रोहतक पुलिस लड़की को अपने कब्जे में लेने के लिए जबलपुर के लिए रवाना हो गई है। जानकारी अनुसार शनिवार को जब रेलवे जीआरपी अपने दलबल के साथ मदन महल स्टेशन पर श्रीधाम एक्सप्रेस को चेक कर रहे थी, तो उन्हें एक लड़की अकेले बैठी हुई मिली। संदेह के आधार पर जब उससे पूछताछ की तो उसने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन कड़ाई से पूछे जाने पर वह टूट गई और उसने घर से भागना स्वीकार किया। लड़की ने अपना निवास स्थान रोहतक, थाना बहू अकरमपुर बताया है। लड़की ने पुलिस को यह भी बताया कि वह नौकरी के सिलसिले में घर से कई दिनों से गायब है और अब दिल्ली जा रही थी। लड़की के कई दिनों से घर से गायब रहने की सूचना जब लड़की के संबंधित थाने को दी गई तो रोहतक पुलिस ने बताया इनकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है।



## नई शिक्षा नीति में स्मार्ट सिटी कराएगी इंटर्नशिप

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना में स्मार्ट सिटी जबलपुर स्वच्छता की इंटर्नशिप कराएगी। इसके तहत करीब पांच हजार बच्चों को लाभ मिलेगा। नोडल अधिकारी शैलजा सुल्लैरे ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराई जाएगी। ये पूरी तरह से नि:शुल्क होगी। महाकोशल कालेज के प्रभारी प्राचार्य डा.आर के गुप्ता ने बताया कि योजना विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगी। संभागीय नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना डा. अरुण शुक्ल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना द्वारा जिला स्तर पर जिला नोडल अधिकारी डा.राजलक्ष्मी त्रिपाठी द्वारा सभी महाविद्यालय के साथ एमओयू किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

**कोरोना वैक्सीनेशन अभियान**

## 92 फीसदी को लगी वैक्सीन की सेकेण्ड डोज

**जबलपुर।** कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत जबलपुर जिले में आज शनिवार को 10 हजार 494 व्यक्तियों को वैक्सीन लगाई गई। इसे मिलाकर जिले में अभी तक कोरोना वैक्सीन की 37 लाख 98 हजार 116 डोज लगाई जा चुकी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया के अनुसार जिले में कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के 19 लाख 77 हजार 15 व्यक्तियों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई है। जबकि 18 लाख 20 हजार 960 व्यक्ति वैक्सीन को दोनो डोज लगवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना वैक्सीन की सेकेण्ड डोज लगाने के मामले में जबलपुर जिला इंदौर के बाद प्रदेश में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। जबलपुर जिले में 92 फीसदी पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन की सेकेण्ड डोज लगाई जा चुकी है। जिला टीकाकरण अधिकारी के अनुसार सौ फीसदी पात्र व्यक्तियों के वैक्सीनेट करने तक जिले में कोरोना टीकाकरण अभियान लगातार जारी रहेगा।





## श्रीमती शांति बाई जैन का निधन

जबलपुर। हनुमानताल दरहाई निवासी श्रीमती शांति बाई जैन (धर्मपत्नी स्व.हीरचंद जैन हिल्लू भैय्या) का 82 वर्ष में निधन हो गया. वे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर लायन नरेन्द्र जैन, सुनील, अनिल, दिनेश जैन की चाची थीं.अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। जहां समाज के सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।



## जबलपुर के मानकुंवर बाई कालेज में जिला अंतर योग स्पर्धा

**जबलपुर।** शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय योग स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस दौरान जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, कटनी और नरसिंहपुर जिले की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि कुलसचिव रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी डा.ब्रजेश सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्ष डा.लीला भलावी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा ने की। योग सचिव के रूप में दिनेश सिंह ठाकुर मौजूद रहे। इस दौरान डा. रश्मि चौबे, डा. बीएन त्रिपाठी, डा. टीआर नायडू मौजूद रहे। योग प्रतिभागियों ने स्पर्धा में विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान डा. ज्योति जाट एवं संचालन डा. जेके गुजराल ने किया।

## धूमधाम से मनाया भगवान दत्तात्रेय का जन्मोत्सव

**जबलपुर।** भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश के रूप में जन्मे भगवान दत्तात्रेय का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। विशेष रूप से हिंडोला पूजन किया गया। दत्त मंदिर गोलबाजार में पूजन करने के लिए सुबह से भक्त पहुंचे। मंदिर में शाम के समय कीर्तन के साथ श्री दत्त भगवान की आरती की गई तथा भक्तों ने हिंडोला गायन किया। इसके पूर्व वासुदेव बुआ बुरसे ने बताया कि अत्री ऋषि और सती अनुसुइया की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेव रूप में अवतरित हुए। इस अवसर पर डॉ माणिक पानसे, डॉ शिरीष जामदार, अर्चना मुठ्ये, मनीषा नासिक, असू रंजना वर्तक द्वारा औक्षण किया गया। उसके बाद पालने में विराजे श्री दत्त भगवान की नजर वंदना वैद्य, रोहणी




बेहरे, पल्लवी फाटक द्वारा उतारी गई। इस अवसर पर विधायक मा, श्रीं विनायक सक्सेना एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

गेट नंबर चार में मनाया जन्मोत्सव

टेलीग्राफ गेट नंबर चार स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर में ब्रह्मा, विष्णु और शिव के समन्वित स्वरूप भगवान दत्तात्रेय का प्राकट्योत्सव पूर्ण श्रद्धा, आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान अर्चक दिगंबर तारके और जयश्री तारके ऋषि अत्रि और अनुसुइया बने। जिनके घर आंगन में दत्तात्रेय का जन्म हुआ। पौराणिक कथानुसार महान सती अनुसुइया के सतीत्व की परीक्षा लेने हेतु ब्रह्माणी, लक्ष्मी और पार्वती ने ब्रह्मा, विष्णु और शिव को भेजा। जिन्हें अपने सतीत्व के बल पर अनुसुइया ने अबोध बालक के रूप में परिवर्तित कर दिया। बाद में इन तीनों की पत्नियों की प्रार्थना पर मां अनुसुइया ने तीनों को उनके वास्तविक रूप में ला दिया। जाते समय अनुसुइया को दिए गए वर के अनुसार तीनों ने समन्वित स्वरूप दत्तात्रेय के रूप में उनके घर जन्म लिया। जन्मोत्सव में गुरुकृपा भजन मंडल और रामायण महिला मंडल की सभी सखियों सहित डॉ श्रद्धा तिवारी, छाया कलमकर, मयंक तारके, जया तारके, पल्लव कलमकर, विध्येश भापकर आदि उपस्थित रहे।

## एडवांस टेक्नोलाजी इन टीचिंग एण्ड लर्निंग एवं काव्यसंग्रह पाखी का बयान का विमोचन



**जबलपुर।** क्रिसलय कला साधना समिति जबलपुर में डॉ. अरुण षुक्ल की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर और विषिश्ट अतिथि श्री संदीप वर्मा के आतिथ्य में संपादक डॉ. शोभा उपाध्याय की पुस्तक एडवांस टेक्नोलाजी इन टीचिंग एण्ड लर्निंग एवं श्रीमति जागृति सिंह की काव्यसंग्रह पाखी का बयान का विमोचन किया गया। एडवांस टेक्नोलाजी इन टीचिंग एण्ड लर्निंग पुस्तक में देष के आठ राज्यों के 26 षिक्षाविदों द्वारा 4 भाशाओं हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी में शोध पत्रों को संकलित किया गया है एवं काव्यसंग्रह पाखी का बयान में मानवीय संवेदनाओं सरल एवं सहज अभिव्यक्ति की गई है।कार्यक्रम में संस्था सचिव डॉ. महेष जायसवाल, कोशाध्यक्ष रामरतन यादव, जितेन्द्र यादव, दिनेष सिंह ठाकुर, दीपक कुषवाहा, सरमन रजक, एडवोकेट अनुराग सिहं, गोपाल हुर्को, सुबोध रिझारिया उपस्थित रहें।

## पी.डब्लू.डी की हीलाहवाली के चलते प्रदेश के शासकीय भवन जर्जर

**लोक निमार्ण विभाग की उदासीनता के चलते मरम्त कार्य अधूरे**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि पी.डब्लू.डी की हीलाहवाली के चलते प्रदेष की शासकीय कॉलोनियों में समस्त विभागों के शासकीय कर्मचारी निवासरत है सभी कालोनियों की हालत खस्ता है जिसे मरम्मत की अतिआवश्यकता है परंतु पी.डब्लू.डी के द्वारा शासकीय निवासरत कालोनियों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे कर्मचारियों के साथ ही उनके परिवार के आश्रित चिंतित है कि इनकी हीलाहवाली के चलते कहीं कोई हादसा न हो जाए। पी.डब्लू.डी की उदासीनता के चलते शासकीय आवास जर्जर स्थिति में पहुंच गये है जिस वजह से कभी भी किसी भी प्रकार का हादसा हो सकता है जिससे कर्मचारियों और उनके परिवार को हानि पहुंच सकती है। कर्मचारियों के जान मान का खतरा बना रहता है क्योंकि जर्जर मकान कभी भी धवस्त हो सकते हैं। इसी वजह से कई कर्मचारियों को आवास मरम्मत का कार्य मजबूरी में स्वयं के खर्चे से करना पड़ रहा है। संघ के प्रांताध्यक्ष-उदित भदौरिया-जिलाध्यक्ष -रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, दिनेष गौंड़, हेमन्त ठाकरे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, एस.बी.रजक, निलेष खेर, अनूप डाहट, आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की है कि प्रदेष के सभी पी.डब्लू.डी विभाग के आलाधिकारियों को सख्त हिदायत दी जाए की वे शासकीय आवासों की मरम्त कार्य गंभीरता से पूंर्ण करे।

**मप्र में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आठ जनवरी से**

# पीईबी के पास पहुंचे 12 लाख से अधिक आवेदन

भोपाल, । प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) ने पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। आठ जनवरी से परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए करीब चार हजार पदों पर करीब 12 लाख 17 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया हैं। पीईबी को आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 12 लाख 17 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा कराना है। परीक्षा आठ जनवरी से शुरू होगी। उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है, इसलिए यह परीक्षा करीब एक माह तक चलेगी। पदों के मुकाबले पीईबी को 300 गुना अधिक आवेदन मिले थे। परीक्षा कराने के लिए पीईबी ने परीक्षा केंद्रों का चयन करना शुरू कर दिया है। पीईबी एक जनवरी तक सभी उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी करेगा। पीईबी ने परीक्षा कराने के लिए तीसरी बार तिथि जारी की है। इसके पहले पीईबी दो बार परीक्षा स्थगित कर चुका है। परीक्षा आनलाइन आयोजित की जाएगी। 12 लाख 17 हजार उम्मीदवारों में से 95 हजार उम्मीदवार बाहरी राज्यों के हैं। यह संख्या भी पदों के मुकाबले 25 गुना अधिक हैं। बाहरी राज्यों से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में उत्तर-प्रदेश, बिहार, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि के शामिल हैं। इस बार सबसे ज्यादा उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होंगे, जो एक माह के लंबे समय में पूरी होगी। इससे पहले पीईबी ने 10 लाख उम्मीदवारों की परीक्षा कराई है। पीईबी तीन हजार 862 पद जीडी आरक्षक और 138 पद रेडियो आरक्षक की भर्ती करने आनलाइन एग्जाम लेगा। आवेदनों की संख्या के आधार पर अब पीईबी परीक्षा की अंतिम तिथि निर्धारित करेगा। परीक्षा में उम्मीदवारों को केवल आधारकार्ड के आधार पर ही परीक्षा हाल में प्रवेश कर पेपर हल करने का मौका मिलेगा। गृह विभाग ने परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए माक टेस्ट की सुविधा भी दी है।

**अब आठ जनवरी को होंगे भोपाल चैंबर्स आफ कामर्स के चुनाव**

# 55 प्रत्याशी होंगे मैदान में। 1947 व्यापारी सदस्य करेंगे मतदान। नौ जनवरी की मतगणना

भोपाल । राजधानी के व्यवसायियों की प्रमुख संस्था भोपाल चैंबर्स आफ कामर्स के चुनाव अब आठ जनवरी को होंगे। नौ जनवरी को मतगणना की तिथि तय की गई है। इसमें चार पैनल परिवर्तन, सद्भावना, प्रगतिशील, व्यापारी का साथ-सबका विकास के बैनर तले 55 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्य के लिए शहर के 1947 व्यापारी मतदान करेंगे।बता दें कि तीन साल के कार्यकाल के लिए पहले भोपाल चैंबर्स आफ कामर्स के चुनाव 29 अगस्त होने थे, लेकिन एसडीएम मनोज उपाध्याय ने कोरोना का हवाला देते हुए चुनाव पर रोक लगा दी। इसके बाद 12 सितंबर की तारीख तय की गई। फिर विवाद के चलते चुनाव अधिकारी मुकेश सेन के इस्तीफे के बाद चुनाव नहीं हो सके। कार्यवाहक अध्यक्ष ललित जैन पर आरोप लगे कि वो अपना कब्जा कायम रखने के लिए चुनाव नहीं कराना चाहते हैं। विवाद के बाद मामला उच्च न्यायालय तक गया। न्यायालय ने तीन वकीलों आकाश तैलंग, अंशुल अग्रवाल, रोहित श्रोती को चुनाव कराने के लिए नियुक्त किया। इसके बाद 14 नवंबर को फिर चुनाव कराने की तारीख रखी गई। 15 नवंबर को भेल के जंबूरी मैदान पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का लोकार्पण होना था। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के कारण चुनाव को स्थगित कर दिए गए। चुनाव अधिकारी आकाश तैलंग ने बताया कि कार्यवाहक अध्यक्ष ललित जैन ने चुनाव के खर्च की राशि उपलब्ध करा दी गई है, जो उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान जमा हुई थी। अब चुनाव के लिए आठ जनवरी की तारीख तय की गई है। मतदान का स्थल जल्द तय कर दिया जाएगा।

**भोपाल में कलेक्टर, निगमायुक्त ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण**

# लोगों से हालचाल पूछा, ठंड लगी तो हाथ भी गरम किए

भोपाल । उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने अचानक ठंड बढ़ा दी है। राजधानी भोपाल में भी एक ही दिन में पारे की चाल में छह डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। कड़ाके की ठंड के इस माहौल में शनिवार रात को भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया और नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने शहर के रैन बसेरों का निरीक्षण किया। यहां ठहरे लोगों से बातचीत की और उनसे पूछा की व्यवस्थाओं में कोई कमी तो नहीं है। इतना ही नहीं, तेज ठंड के बीच कलेक्टर अविनाश लवानिया ने रैन बसेरों में जलाए गए अलाव पर हाथ भी गरम किए। कलेक्टर व निगमायुक्त सबसे पहले सुल्तानिया अस्पताल के सामने स्थित रैन बसेरा में पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर लवानिया ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि भोपाल में प्रदेश भर के जिलों से लोग अस्पतालों में इलाज कराने और अन्य कामों के लिए आते हैं। ऐसे लोगों के लिए ठंड के दिनों में कंबल के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। जरूरत के हिसाब से अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए और इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति जो रैन बसेरे में ठहरा है, उसे भोजन की दिक्कत न हो। कलेक्टर के साथ नगर निगम के आयुक्त केवीएस चौधरी भी थे। कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त ने हमीदिया अस्पताल, सुल्तानिया अस्पताल के पास शाहजहांनी पार्क और एमपी नगर जोन 2 में संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया है।

ठंड के हिसाब से कम थी कंबल की संख्या

हमीदिया अस्पताल में संचालित रैन बसेरा में कलेक्टर को ठहरे हुए लोगों की संख्या के आधार पर कंबल कम दिखाई दिए। अतिरिक्त अलाव जलाने की भी जरूरत महसूस हुई। इस पर कलेक्टर ने कहा है कि यह व्यवस्था तुरंत ठीक की जाए। निगमायुक ?त ने अधीनस्थ अमले को रेलवे स ?टेशन व बस स्टैंड आदि सार्वजनिक जगहों पर अलाव की ० ?यवस ?था करने के निर्देश दिए।

**भाजपा के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे का जन्मशताब्दी समारोह गरिमामय तरीके से मनेगा**

# कुशाभाऊ ठाकरे के संपर्क में रहे लोगों को तलाशेगी भाजपा

भोपाल । भाजपा अपने पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे का जन्मशताब्दी समारोह गरिमामय तरीके से मनाएगी। इसमें उन लोगों को भी जो ?ा जाएगा, जो स्व. ठाकरे के साथ रहे हैं। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी समारोह समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।बैठक में समिति की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत, सह संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित थे। समिति की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्व. ठाकरे ने राजनीति में काम करते हुए भी हमेशा सामाजिक भूमिका निभाई और इसी कारण न सिर्फ भाजपा बल्कि अन्य दलों और अन्य क्षेत्रों के लोगों में भी उनकी लोकप्रियता थी।कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष में उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आम लोगों तक पहुंचे, इसके लिए उनके संपर्क में रहे लोगों को जोड़कर पूरी गरिमा के साथ जन्म शताब्दी समारोह मनाया जाए, ताकि युवा पीढी भी शुचिता की राजनीति को जान सके।

# मध्य प्रदेश में शीतलहर ने कंपकंपाया

## डिंडौरी में दो, अमरकंटक में तीन डिग्री तापमान

**भोपाल। इस सीजन की पहली कड़ाके की ठंड रविवार सुबह रही। गुजरते साल के अंतिम दिनों में आखिरकार लोगों को कंडकडाती ठंड का अहसास होने लगा है। इस दौरान डिंडौरी का न?यूनतम तापमान दो और अमरकंटक का तीन डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा शहडोल में तापमान पांच डिग्री रहा।**



रविवार को अनूपपुर जिले के अमरकंटक में सुबह तापमान तीन डिग्री दर्ज हुआ। यहां घास पर ओस जम गई थी जो पूरी तरह से सफेद नजर आई। पिछले 24 घंटे से बर्फीली हवाओं से पूरा जिला ठिठुर रहा है। रविवार सुबह गलन भरी ठंड ने लोगों को कंपकंपाने के लिए मजबूर कर दिया।मौसम विभाग के अनुसार कड़ाके की सर्दी आने वाले तीन दिनों तक रहेगी। जिस तरह से मौसम है तापमान और नीचे जाने की संभावना है। ऐसे में मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच पलटकर आई कड़ाके की ठंड के दौरान लोगों को भारी ठंड का सितम झेलना पड़ सकता है और पवित्र नगरी अमरकंटक जो मैकल पर्वत पर यहां भी तापमान शून्य डिग्री से नीचे जाने की संभावना बनी हुई है।रविवार सुबह नर्मदा तट रामघाट मैदान और शासकीय उद्यान में पौधों और घास पर जमी ओस बर्फ की तरह नजर आई।उत्तर-उत्तर- पूर्व से चल रही बर्फीली हवाओं की वजह से ठंड बढ़ी है। जिले का पुष्पराजगढ़ तहसील क्षेत्र सबसे अधिक ठंड से रविवार को प्रभावित रहा। यहां फसलों पर पाला पड़ने की भी संभावना बन गई है। ग्रामीण अंचल में सुबह धान के पैरा में खर्रा पड़ गया था। रविवार सुबह ठंड का आलम यह था कि लोग अलाव तापते नजर आए। सुबह धूप निकलने पर लोग घंटों घर के बाहर ठंड से राहत पाने का प्रयास करते रहे फिर भी शीतलहर परेशान करती रही।डिंडौरी में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित- डिंडौरी जिले में पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड के चलते जनजीवन प्रभावित नजर आ रहा है। रविवार की सुबह सबसे अधिक ठंड का असर देखा गया। सुबह घास सहित धान के पैरा में ओस की बूंदे बर्फ जैसी जमी नजर आई। इसके अलावा घरों के बाहर खडे चार पहिया वाहन की छतों में भी हल्की हल्की बर्फ को परत जमी देखी गई। जिला मुख्यालय में नर्मदा नदी के डेम घाट के पास शांति नगर में घर के बाहर खड़ी ऑटो व कार की छत पर बर्फ जमी देखकर लोग आश्चर्य में पड़ गए।

# पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की मांग कर रहे कर्मचारी विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में

**भोपाल, । प्रदेश के कर्मचारी पुरानी व्यवस्था के तहत पेंशन का लाभ पाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। 22 दिसंबर को विधानसभा के घेराव की तैयारी की जा रही है। पूर्व में धरना, प्रदर्शन और आंदोलन कर चुके हैं। ये कर्मचारी अन्य राज्यों की तरह मप्र में भी पुरानी पेंशन प्रणाली लागू करने की मांग पर अड़े हैं।**

इस लड़ाई को लड़ने के लिए अलग—अलग कर्मचारी संगठनों ने मोर्चे बना लिए हैं। आसपास के राज्यों के कर्मचारी भी इन मोर्चों में शामिल हुए हैं। सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने इसी सिलसिले में शनिवार को पत्रकार वार्ता बुलाई। इसमें उन्होंने नई पेंशन व्यवस्था से कर्मचारियों को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पुरानी पेंशन चालू करने के लिए लगातार सरकार से पत्राचार कर रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है। अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो 22 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेंगे। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि लाखों कर्मचारियों के वेतन से काटी जाने वाली

**मप्र कर्मचारी मंच ने पत्रकारवार्ता बुलाकर गिनाई कमियां। बोले- सरकार चाहे तो दे सकती है पुरानी पेंशन का लाभ।**

राशि एक कंपनी को दी जा रही है। वही कंपनी संबंधित कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर 500 से 1000 रुपये पेंशन का भुगतान करती है। पूर्व में राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और पुरानी पेंशन राष्ट्रीय संघर्ष मोर्चा के प्रमुख जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजधानी में बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं। पुरानी पेंशन बाहाली मोर्चा दिल्ली में भी ताकत दिखा चुका है। अब अन्य राज्यों में कर्मचारियों को एकजुट करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जितेंद्र सिंह का कहना है कि सबसे अधिक जोर मप्र, छत्तीसगढ़ पर हैं। यहां कर्मचारियों की समस्याएं एक जैसी है। जिसमें मुख्य मुद्दा पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराना रखा गया है। इसमें सभी कर्मचारियों का साथ मिल रहा है।



सरकार भी यह बात जानती है कि उम्र भर शासकीय विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों के पास कमाई का दूसरा जरिया कुछ नहीं होता है। जब वे सेवानिवृत्त होकर घर जाते हैं तो कोई राशि नहीं मिलती और फिर परिवार की जिम्मेदारियां नहीं उठा पाते हैं। परिवार में कलह होती है। परिवार के सदस्य ही ताने मारते हैं। जितेंद्र सिंह के आरोप है कि आज के समय में कई कर्मचारी बच्चों का विवाह तक नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि आज के समय में महंगाई बहुत है।

# नौकरी का झांसा देकर लोगों से खाते खुलवाकर साइबर ठगों को बेचते थे, छह गिरफ्तार

भोपाल ।निजी कंपनियों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवक-युवतियों से बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। क्राइम ब्रांच की साइबर विंग ने राजधानी के दो और बिहार के चार युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 25 बैंक पासबुक, 22 एटीएम कार्ड, 22 मोबाइल फोन, 18 सिम कार्ड, दो कट्टे और एक जीप बरामद की है। पूछताछ में पता चला है कि ये लोग विभिन्ना राज्यों में लगभग 500 लोगों के खाते साइबर ठगों को बेच चुके हैं। पुलिस उपायुक्त साईं कृष्णा थोटा ने बताया कि पिपलानी में रहने वाली एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि एक युवक ने नौकरी लगवाने के नाम पर उससे बैंक में खाता खुलवाया। इसके बाद उसकी पासबुक, एटीएम कार्ड ले लिया। कुछ समय बाद बैंक वालों ने उसे बताया कि एक महीने में उसके खाते से 41 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। युवती ने कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया था। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पिपलानी निवासी आयुष लिटोरिया और निखिल शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद चंपारण बिहार निवासी मो. अजरुद्दीन, राहुल आलम, आलोक कुमार यादव एवं रोहतास निवासी कुंदन कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। आयुष और निखिल बेरोजगारों से बैंक एकाउंट खुलवाते थे। बिहार में बैठे उनके साथी इन खातों को सायबर ठगों तक पहुंचाने का काम करते थे। आरापितों की ठगी की राशि से जीप खरीदी थे। उससे विभिन्ना राज्यों में जाकर वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

# भोजपुर क्लब में बिखरे राजस्थानी लोकनृत्य के रंग, घूमर, पनिहारिन ने मोहा दर्शकों का मन

भोपाल । घूमर रमवाने आप पधारो सा, आवो जी आवो जी घूमरडी खेलबा ने..., ओ म्हारी घूमर छे नखराली ऐ मां...., घूमर रमवा म्हें जास्यां...., ओ राजरी घूमर रमवा म्हें जास्यां...., घूमे रे घूमर घूमे... । कुछ ऐसे ही गीतों पर राजस्थानी लोकनृत्य घूमर की प्रस्तुति देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सभागार में देर तक तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। कभी कलबेलिया तो कभी थाली और मटकी डांस पर थिरकते कदमों की झनकार के साथ रजवा ?ी वेशभूषा में सजी धजी महिलाएं और चारों ओर राजस्थानी रंग में रंगा नजारा देखने को मिला शनिवार शाम राजधानी के भोजपुर क्लब में। मौका था सिया कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित घूमर-रे-घूमर का। कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और सौ से अधिक प्रतिभागियों ने घूमर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राजस्थानी लोकनृत्यों की कुल 12 प्रस्तुतियां दी गईं। थाली, मटकी, कलबेलिया, चिरमी, पनिहारी के प्रदर्शन के साथ-साथ घूमर की इन प्रस्तुतियों में शस्त्र घूमर का भी दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। म्यान से निकली तलवार के करतबों के साथ नृत्य की गति देख दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। आयोजक शिवाराजे सिसोदिया ने बताया कि घूमर महोत्सव हमारे ग्रुप की महिलाओं द्वारा कई दिनों के प्रशिक्षण का परिणाम है। जिसमें राजस्थानी वेशभूषा में हमने घूमर के अनेक रंग और शैलियां दिखाने का प्रयास किया। मैंने इसमें कलबेलिया डांस किया है और इसके लिए हमने खूब प्रैक्टिस भी की थी। काफी मजा आया प्रैक्टिस करने में भी, इस प्रस्तुति के जरिए हमें राजस्थान का कल्चर जानने-समझने का मौका मिला।मैं पंजाबी हूं और एक दिसंबर से घूमर प्रशिक्षण ले रही हूं। मैंने दो प्रस्तुतियों में भाग लिया। जिसमें से एक है पनिहारी डांस, जिसमें मटकी को सिर पर रखकर डांस किया ओर उस पर दीया भी जलता है।

**भोपाल के जेपी अस्पताल में नसबंदी के दौरान महिला की हालत बिगड़ी, मौत**

भोपाल । जेपी अस्पताल में शनिवार को नसबंदी आपरेशन के दौरान 27 साल की महिला की हालत बिगड़ गई। उसे फौरन वेंटिलेटर सपोर्ट देकर इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही डाक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। आपरेशन करने वाले डाक्टरों ने बताया कि जेपी अस्पताल में पहली बार इस तरह की घटना हुई है। उनका दावा है कि हार्ट अटैक से महिला की मौत हुई हैं।हालांकि, स्वजन ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस कारण मौत की असली वजह पता नहीं चल पाएगी। जेपी अस्पताल के अधीक्षक डा. राकेश श्रीवास्तव ने मामले की जांच के लिए समिति बनाने की बात कही है। बरखेड़ा पठानी के रहने वाले प्रदीप शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी मुस्कान (27 साल) की नसबंदी कराने के लिए शनिवार सुबह 11 बजे के करीब जेपी अस्पताल लेकर गए थे।

**भोपाल में ह्यूमन ट्रैफिकिंग**

# कैटर्स ने महिला से किया दुष्कर्म, फिर राजस्थान में 80 हजार रुपए बेचा

भोपाल। भोपाल के टीला जमालपुरा इलाके में ह्यूमन ट्रैफिकिंग का मामला सामने आया है। कैटर्स ने महिला को काम दिलाने का लालच देकर उसके साथ पहले खुद दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे राजस्थान ले जाकर 80 हजार रुपए में बेच दिया। राजस्थान में वह 2 माह 18 दिन तक बंधक रही। जिस युवक ने उसे खरीदा था वह उसके साथ गलत काम करता रहा। इसी बीच महिला ने भोपाल में रहने वाली अपनी बड़ी बहन को फोन पर आपबीती सुनाई। बहन की सूचना पाकर राजस्थान पहुंची पुलिस ने महिला को मुक्त कराया। पुलिस ने मामले में एक महिला समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया है। फिलहाल, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। टीला जमालपुरा थाना प्रभारी राधेश्याम रेंगर ने बताया कि राम मंदिर के पास रहने वाली 24 साल की महिला शादी-शुदा है। तीन माह पहले उसे लटेरी का रहने वाला कैटर्स मजबूत सिंह मिला। उसने महिला को कैटरिंग का काम दिलाने का लालच दिया। इसी बीच 1 अक्टूबर को वह काम के बहाने महिला को ईंटखे ?ी लेकर पहुंचा। इसके बाद लटेरी अपने गांव ले गया। जहां, उसके साथ दो दिन तक गलत काम किया। महिला ने जब काम के बारे में पूछा तो वह बोला अब राजस्थान में काम मिलेगा। वह काम के बहाने महिला को झालावा ?, राजस्थान लेकर पहुंचा। जहां, महिला को मोरसिंह नामक युवक के पास छो ? दिया। मजबूत सिंह ने महिला को बताया कि अब तुम्हें यहीं काम करना है। महिला उसके मंसूबे नहीं समझ सकी। इसी बीच मोरसिंह ने उसे बताया कि उसने 80 हजार रुपए में तुम्हें सालभर के लिए खरीद लिया है। तुम्हें पत्नी की तरह घर में रहना होगा। मोरसिंह उसके साथ गलत काम करता रहा। मोरसिंह के घर में एक अम्मा नाम की महिला भी थी। जो मोरसिंह की मदद करती थी।

**2 माह 18 दिन बाद पुलिस ने मुक्त**

कमरे में बंद कर बाहर से लगाया ताला

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन लिया था। उसे कमरे के अंदर पूरा दिन बंद कर रखा जाता था। रात में जब मोरसिंह आता था तब ही ताला खुलता था। अम्मा नाम की महिला उस पर नजर रखती थी। बाहर नहीं निकलने देती थी। हाल ही में उसे मोरसिंह का मोबाइल मिला।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अहम होंगे मध्य प्रदेश

# भारतीय जनता पार्टी के ये पांच चेहरे

भोपाल। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पड़ोसी राज्यों में भी राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा अपनी जीत के लिए जहां पूरा दमखम लगा रही है, वहीं करीब तीन दशक बाद कांग्रेस भी मुख्य मुकाबले में उतरने को तैयार दिख रही है। दोनों पार्टियों ने पड़ोसी राज्यों के ऐसे चेहरों की तलाश भी तेज कर दी है, जिनका प्रभाव उत्तर प्रदेश में लाभ दे सकता है। मध्य प्रदेश में भाजपा के ऐसे पांच चेहरे हैं, जो उत्तर प्रदेश में अपना पूरा प्रभाव रखते हैं।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

गरीब, किसान, महिला और विद्यार्थियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं से शिवराज सिंह चौहान ने अपनी अलग छवि बनाई है। वह अपनी योजनाओं को दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी प्रमुखता से बताते हैं। माना जाता है कि इसका लाभ पार्टी को मिलता है। चौहान पिछ ?ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, ऐसे में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जातिगत समीकरण में भी भाजपा को लाभ मिल सकता है। अपने चौथे कार्यकाल में चौहान ने धाराप्रवाह श्लोकों और वैदिक ज्ञान के आधार पर अपनी हिंदुत्ववादी छवि को भी संतुलित रूप से चमकाया है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर संभावित चुनाव में चौहान इस लिहाज से भाजपा के लिए बेहतर साबित होंगे।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

भाजपा में शामिल अन्य दलों के दिग्गज नेताओं के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया सफल रोड माडल हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया था। कांग्रेस को तो ब ?ी सफलता हाथ नहीं लगी, लेकिन सिंधिया ने अपनी अलग पहचान बनाई। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के अवसर पर सिंधिया ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए अपने राजवंश के पूर्वज शासकों द्वारा उत्तर प्रदेश समेत कई तीर्थ स्थलों पर किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए उत्तर प्रदेश से अपने गहरे संबंध को सामने रखा। सिंधिया भाजपा के युवा चेहरा हैं और मोदी कैबिनेट में सफल मंत्री की पहचान बना चुके हैं।



### गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा

उत्तर प्रदेश में जातिगत समीकरणों के बीच ब्राह्मण वर्ग का भी मजबूत हस्तक्षेप रहता है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया से आते हैं और भाजपा में सबसे प्रमुख ब्राह्मण चेहरा माने जाते हैं। उनका प्रभाव मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमावर्ती क्षेत्रों में भी माना जाता है। नरोत्तम मिश्रा को कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रभार सौंपा गया, जिसके परिणाम बेहद सफल रहे। पिछले चुनाव में उन्हें उत्तर प्रदेश के करीब 50 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी, जहां बेहतर परिणाम आए। मिश्रा अपनी कार्यप्रणाली, वाकपटुता और संबोधन के अलग अंदाज से अपनी अलग पहचान रखते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश से उनका कनेक्शन पार्टी को काफी लाभ पहुंचा सकता है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती

अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन से लेकर मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने तक उमा भारती ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग छवि बनाई है। झांसी से सांसद रहीं। मोदी कैबिनेट में गंगा सफाई मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली। गंगा से लगाव के कारण उत्तर प्रदेश में उनकी अलग छवि है। हिंदुत्व कार्ड की प्रखर नेता, वक्ता होने से धर्म आधारित वोटों के ध्रुवीकरण को आसान बना सकती हैं।

### पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया

अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के युवा नेतृत्वकर्ताओं में जयभान सिंह पवैया का नाम आज भी लिया जाता है। सियासी जमावट में वह भले ही अलग-थलग दिखें, लेकिन उत्तर प्रदेश में राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर किसी भी कवायद में उनकी अलग पहचान रही है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण का फैसला आने के बाद अयोध्या से जब अपने घर की वापसी की तो पूरे रास्ते उनका जगह-जगह स्वागत सम्मान किया गया। राम मंदिर निर्माण जारी है और इसके श्रेय के लिए यदि भाजपा प्रयास करती है तो जय भान सिंह पवैया को प्रचार में उतारना पड़ेगा।

# कर्नाटक में बंधक मजदूर कटनी पहुंचे

## अधिक मजदूरी का दिया था लालच, रात दिन करा रहे थे काम

### विधायक संजय पाठक के प्रयासों से मुक्त हुए बंधक बनाए गए 23 मजदूर



जबलपुर। अधिक मजदूरी का लालच देकर कर्नाटक में बंधक बनाए गए विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 23 मजदूरों को छुड़ाकर कटनी वापस लाया गया है। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रयासों से बंधक बनाकर रखे गए मजदूर आज कटनी पहुंचे तो उनके चेहरे में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने विधायक श्री पाठक के प्रति आभर व्यक्त किया। जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चरी, पिपरा एवं गुड़ेहा के कोल आदिवासी समाज के 23 मजदूरों को पिछले महीने अधिक मजदूरी का लालच देकर कर्नाटक के कुड़ी कन्नौर ले जाया गया था, जहां उनसे बिना मेहनताना दिए रात दिन काम लिया जा रहा था। इसकी जानकारी जनसाहस संस्थान के कम्युनिटी ऑफीसर मुकेश द्विवेदी को मिली। उन्होंने पूर्व मंत्री विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक से संपर्क किया और मदद के लिए आग्रह किया। जिस पर विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कर्नाटक में पुलिस और प्रशासन के उच्च अधिकारियों से संपर्क करते हुए बंधक मजदूरों को मुक्त कराकर ट्रेन में रिजर्वेशन करवाया। मुक्त कराए गए मजदूर आज से ट्रेन से कटनी पहुंचे और बस स्टेंड में उन्हें बसों से अपने गांवों के लिए रवाना किया गया। कटनी से सभी मजदूरों को उनके गृहग्राम पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई। विधायक संजय पाठक द्वारा पुलिस प्रशासन से भी गरीबों को लालच देकर प्रताड़ित करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिससे इस तरह लोगों को परेशान न किया जा सके।




## कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

जबलपुर। मातृभाषा उन्नयन संस्थान जबलपुर के तत्वावधान में गत दिवस एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी प्रशांत मिश्रा केजन्मोत्सव पर शुभकामनाएं प्रदान की । आयोजन में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार चंद्र कुमार चौबे जी अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ कवि राकेश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित जैन मौलिक उपस्थित रहे। चंद्र कुमार चौबे ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को अपना जन्मदिन ऐसे ही साहित्यिक गतिविधियों के साथ मनाना चाहिए,जिससे समाज में हिंदी के प्रति अभिरुचि निरंतर बनी रहे। तदुपरांत कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ ‸ जिसमें राकेश राकेन्दु, अमित जैन मलिक,अजय मिश्रा ,सत्येंद्र गोटिया सुनील तोमर , सतीश जैन नवल,डॉ शशांक मोहब्बत , अनुराग शुक्ला मनस्वी शरणागत अरिहंत जैन अमन ने उपस्थित होकर एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया आयोजन का कुशल संचालन अजय मिश्रा अजेय आभार प्रशांत मिश्रा के द्वारा व्यक्त किया गया

# विकासखण्ड स्तरीय खेल स्पर्धाएं आयोजित

*गाडरवारा यभाप्र। गत दिवस जिले के कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन के मार्गदर्शन में खेलों एमपी कार्ययोजना के अंतर्गत स्थानीय बीटीआई स्कूल में साईंखेड़ा विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।*





**खेलों एमपी कार्ययोजना के तहत हुआ आयोजन**


स्पर्धाओं के आयोजन से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए डीईओ द्वारा गठित जिला स्तरीय मीडिया दल के सदस्य मधुसूदन पटैल ने बताया की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओ के अंतर्गत 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी एवं व्हॉलीबाल का आयोजन किया गया जिनमे साईखेड़ा ब्लॉक के सभी संकुलों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी। कबड्डी प्रतियोगिता के 14 वर्ष बालक वर्ग में विजेता आदर्श संकुल गाडरवारा एवं उपविजेता बीटीआई संकुल गाडरवारा 17 वर्ष बालक वर्ग में विजेता बीटीआई संकुल एवं उपविजेता शा. उ. मा. विद्यालय नांदनेर संकुल, 19 वर्ष बालक वर्ग में विजेता बीटीआई संकुल गाडरवारा एवं उपविजेता शासकीय कन्या उ. मा. विद्यालय गाडरवारा रहे। कबड्डी बालिका वर्ग 14 वर्ष में विजेता शासकीय कन्या उ .मा. विद्यालय संकुल गाडरवारा उपविजेता बीटीआई संकुल, 17 वर्ष में विजेता कन्या नवीन संकुल एवं उपविजेता बीटीआई संकुल एवं 19 वर्ष में विजेता शासकीय कन्या उ. मा. विद्यालय संकुल गाडरवारा एवं उपविजेता कन्या नवीन संकुल रहे। व्हॉलीबाल बालक वर्ग 19 वर्ष में विजेता बीटीआई संकुल एवं उपविजेता शासकीय आदर्श संकुल, खो-खो बालक वर्ग 19 वर्ष में बीटीआई संकुल विजेता रहा। इसी प्रकार खो-खो बालिका वर्ग 14 वर्ष में विजेता बीटीआई संकुल एवं उपविजेता कन्या नवीन संकुल, 17 वर्ष में विजेता बीटीआई संकुल एवं उपविजेता कन्या नवीन संकुल एवं 19 वर्ष में विजेता कन्या नवीन संकुल एवं उपविजेता शासकीय कन्या शाला संकुल रहा। प्रतियोगिताओ में बीईओ प्रतापनारायण, प्राचार्य अनूप शर्मा, राजेश बरसैयां, बीआरसी चन्दन शर्मा, बीएसी योगेन्द्र झारिया, सोमनाथ मेहरा, मधुसूदन पटैल, गिरीश पटैल, मनमोहन शर्मा, सीमा कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। आयोजन में सत्यप्रकाश ढिमोले, अजय सोनी, कंचन रजक, अनुज जैन, विक्रम शर्मा, सन्दीप कौरब, देवेन्द्र रजक, इल्यास खान, परेश शर्मा, टीकाराम कोरी, रोहित बाल्मीकि का सहयोग रहा।

## मोटर साईकिल से कर रहे नर्मदा परिक्रमा



**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** मध्यप्रदेश की जीवन रेखा कहलाने वाली पुण्य सलिला मां नर्मदा के प्रति लोगों में बढ़ती आस्था को देखते हुये जहां लोग पैदल और अपने अपने निजी साधनों से मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं 28 वर्षीय मनीष वर्मा नामक युवा जो कि सालीचौका के निवासी हैं। मोटर साईकिल से नर्मदा परिक्रमा के दौरान तेंदूखेड़ा पहुंचने पर युवाओं से बात करते हुये बताया कि निश्चित तौर पर मां नर्मदा के बारे में बुजुर्गों और कथाओं के माध्यम से जो सुनने को मिला है, वास्तव में अकल्पनीय विषय भी कुछ साक्षात रूप में देखने को मिले हैं। 2500 किलोमीटर की यात्रा तय करने के बाद नर्मदा के जिन जिन घाटों पर पहुंचा हूं। बहुत से ऐसे श्रृद्धालु भी है जिनकी उम्र को देखकर नहीं लगता कि ये पैदल यात्रा कर सकेगे। फिर भी मां नर्मदा के द्वारा उनकों इतनी अपार शक्ति दी है। बुजुर्ग महिला पुरूष भी पैदल यात्रा कर रहे हैं। कलयुग में साक्षात विद्यमान मां नर्मदा मोक्षदायनी है। प्रत्येक वर्ग को मां नर्मदा की परिक्रमा करनी चाहिए, वो लोग खुशनसीब है, जिन्हें मां नर्मदा का तटीय क्षेत्र प्राप्त हुआ है। ग्राम मोहड़ दुधी नदी संगम से यात्रा प्रारंभ कर 13 दिनों में तेदूखेड़ा तक की यात्रा कर चुके है आगे अमरकंठक के उपरांत ओमकालेश्वर में यात्रा का समापन होगा।

### गिरीश ममार का निधन



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस गाडरवारा तहसील अंतर्गत ग्राम छीतापार निवासी गिरीश ममार का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप निरंजन ममार, संतोष ममार, विनीत ममार एवं शिक्षक हेमंत ममार के भाई एवं ब्रजेश ममार के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा में विश्वनाथ सिंह पटैल मुलाम भैया, अवधेश पटैल सहित अनेक ग्रामवासियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दस्तावेज पूर्ण कराने ऑटो चालकों के लिए विशेष कैम्प का हुआ आयोजन



**नरसिंहपुर यभाप्र।** ऑटो रिक्शा संचालन के लिए दस्तावेज पूर्ण कराने के लिए जिला परिवहन कार्यालय में ऑटो चालकों हेतु विशेष कैम्प का आयोजन शनिवार को किया गया। विशेष कैम्प में 57 ऑटो चालकों ने अपने ऑटो रिक्शा के दस्तावेज पूर्ण करायें। जिले में अब तक 370 ऑटो रिक्शा के दस्तावेज ऑटो चालकों द्वारा पूर्ण करा लिए गए हैं। दस्तावेज पूर्ण कराने के लिए रविवार 19 दिसम्बर को भी जिला परिवहन कार्यालय में विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## 18 दिसम्बर को जिला पंचायत सदस्य के लिए 9 नामांकन दाखिल


**नरसिंहपुर यभाप्र।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के तहत नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के 6 वें दिन 18 दिसम्बर को जिले में जिला पंचायत सदस्य के लिए 9 नाम निर्देशन पत्र जिले में प्रस्तुत किये गये। जिले में जनपद सदस्य के लिए 41, सरपंच के लिए 291 एवं पंच पद के लिए 76 नाम निर्देशन पत्र सहित कुल 417 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये।

उल्लेखनीय है कि जिले में जिला पंचायत के 15 निर्वाचन क्षेत्र और जिले के 6 विकासखंडों में 131 जनपद निर्वाचन क्षेत्र हैं। विकासखंड नरसिंहपुर में 24, गोटेगांव में 25, करेली में 20, सांईखेड़ा में 18, चांवरपाठा में 24 व चीचली में 20 जनपद निर्वाचन क्षेत्र हैं।

**जिले में सरपंच के लिए 291 व पंच के लिए 76 नाम निर्देशन पत्र दाखिल**

जनपद सदस्य के लिए विकासखंड नरसिंहपुर में 7, करेली में एक, गोटेगांव में 6, सांईखेड़ा में 10, बाबई चीचली में 12 व चांवरपाठा में 5 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। इस तरह जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए जिले में कुल 41 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए हैं।

सरपंच पद के लिए विकासखंड नरसिंहपुर में 37, करेली में 42, गोटेगांव में 44, सांईखेड़ा में 77, बाबई चीचली में 37 व चांवरपाठा में 54 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। इस तरह सरपंच पद के लिए जिले में कुल 291 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए हैं। इसी तरह पंच पद के लिए जिले में 76 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। पंच पद के लिए विकासखंड नरसिंहपुर में 16, करेली में 6, गोटेगांव में 14, सांईखेड़ा 18, बाबई चीचली में 14 व चांवरपाठा में 8 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये।



## छोटे सरकार ने किया पुस्तको का विमोचन

**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस छोटे सरकार ने दादा धूनी दरबार साइखेड़ा मे महेश प्रसाद झारिया आंसू द्वारा रचित पुस्तको भोली भावना, प्राची प्रभा प्रज्ञा, केशवानन्द चरितामृत का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रफुल्ल दीक्षित, योगेन्द्र झारिया, नगेन्द्र त्रिपाठी, महेश बैरागी, चन्दन शर्मा, मनीराम मेहरा, प्रभात रूसिया, चंदा साध, जितेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन कल

**गाडरवारा यभाप्र।** आयुक्त लोक शिक्षण एवं जिला स्तर की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार शासकीय शालाओं के 9 वीं से 12 वीं तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं हेतु चिकित्सा परीक्षण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर कल 20 दिसंबर को किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए डीईओ द्वारा गठित जिला स्तरीय मीडिया दल के सदस्य मधुसूदन पटैल ने बताया की जिला कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन के मार्गदर्शन में 20 दिसंबर दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक साईंखेड़ा ब्लॉक का शिविर बीटीआई स्कूल गाडरवारा एवं उसी दिन दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक चीचली ब्लॉक का शिविर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में आयोजित होगा। शिविर में उपस्थित नाक, कान, गला, हड्डी, नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं ऑडियो लाजिस्ट द्वारा छात्र-छात्राओं का चिकित्सा परीक्षण कर प्रमाणपत्र बनाये जाएंगे एवं उनका नवीनीकरण किया जाएगा। बीईओ प्रताप नारायण एवं ए एस मसराम ने संमस्त शाला प्राचार्यो से संस्था में 9 से 12 वी तक अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं को शिविर में उपस्थिल कराने की अपील की है।

## देखते-देखते गुम हो गई मोटरसाईकिल

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं दिनों दिन अपने पैर पसारती चली जा रही है, जिस पर कोई अंकुश लगता नजर नही आ रही हो रही घटनाओं का मुख्य कारण सट्टा-जुआ रिस्क खेलों के साथ स्मैक की अवैधानिक विक्री बनी हुई।

विगत दिनों तेंदूखेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धमेंद्र साहू अपने किसी काम से मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 49 एमजी 7955 गये हुये थे। भीतर से बाहर दस मिनिट से कम समय में लौटकर बाहर आने पर मोटर साईकिल नदारद पाई। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस थाने में भी दी गई है। धमेंद्र द्वारा उक्त मोटर साइकिल का विभिन्न स्थानों पर पता खोजबीन भी किया गया है लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चल सका है, बढ़ती इस तरह की घटनाओं को लेकर लोगों में जहां असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तरह तरह की चर्चायें भी जारी है। पिछले दिनों ही नगर के वार्ड क्रमांक. 08 में एक पाली समाज के मकान में चोरी हुई थी, जिसका भी अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, करेली, नरसिंहपुर, गोटेगांव विकासखंड के प्राचार्य हुए शामिल






**नरसिंहपुर यभाप्र।** नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर में गोटेगांव नरसिंहपुर, करेली ब्लॉक के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस बिल्सन की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में स्काउट गाइड केम्प एव दल पंजीयन, खेल प्रतियोगिताओं के आयोजनए छात्रवृतिए नेशनल शिप पोर्टल के स्कालरशिप क्रियान्वयन सहित अन्य विषयों पर प्राचार्यों से विद्यालय में किए जा रहे क्रियान्वयन की समीक्षा कर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जेएस बिल्सन ने बैठक में उपस्थित प्राचार्यों द्वारा भी शाला में की जा रही है। शैक्षणिक गुणवत्ता, खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन एवं प्राचार्यों को प्रशासनिक गुणवत्ता में सुधार पर चर्चा की गई। शासन की समस्त योजनाओं व विकासखंड में खेल प्रतियोगिताएं तय समय पर हो एवं छात्रवृति से जुड़ी जानकारी भी पोर्टल पर सभी तय सीमा में अपलोड कराएं। स्काउट गाइड से जुड़ी गतिविधियां भी सक्रियता पूर्वक शालेय गतिविधियों पर सारगर्भित जानकारी का प्रस्तुतीकरण देने को कहा गया एवं कहा की हमारे समक्ष अनेक चुनोतियाँ है, समाधान का हिस्सा बनकर हमें अपने विद्यालय की सभी शालेय गतिविधियों को उत्कृष्ट बनाए रखना संपादित हों। विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांग छात्र - छात्राओं का शिविर निर्धारित समय सीमा मेंहो ऐसा उद्देश्य लेकर क्रियान्वन करने हेतु प्राचार्यों को निर्देश दिए गए। छात्रवृत्ति प्रभारी जी के नायक द्वारा नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर सभी शालाओं के रजिस्ट्रेशन और समस्त पात्र छात्रों को छात्रवृती उपलब्ध कराने हेतु व जिले के सभी छात्रों के शत प्रतिशत प्रोफाइल अपडेशन हेतु दिशा निर्देश देते हुए पोर्टल संबंधी आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया। एडीपीसी रमसा द्वारा छात्रों को केरियर गाइडेन्स हेतु विशेष सत्र के आयोजन हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया गया बीईओ नरसिंहपुर मनीष कटारे, बी ई ओ गोटेगांव उमाशंकर छिरा, प्रभारी प्राचार्य रघुवीर सिह लोधी, डॉ.बी एस शर्मा, डॉ. एस के पाल, ए के चौबे आरके श्रीवास्तव, अक्षय शर्मा, फूल सिंह मेहरा, शांत पटेल, बीआरसी हरिओम पाठक सहित तीनों विकासखंडों के शासकीय हाई स्कूल हाई सेकेंडरी के प्राचार्य उपस्थित रहे। समापन संस्था प्राचार्य श्री चौबे द्वारा सभी के आभार प्रदर्शन करके किया गया।

# केएल राहुल बने टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम के उप कप्तान !

## India vs South Africa:

नई दिल्ली। केएल राहुल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उप कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अजिंक्य रहाणे की जगह रोहित शर्मा को टेस्ट टीम का नया उप कप्तान बनाया गया था, मगर वो अपनी इस नई पारी की शुरुआत कर पाते, उससे पहले ही मुंबई में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए, जिस वजह से वह टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। एएनआई की खबर के अनुसार रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में केएल राहुल टेस्ट सीरीज के लिए उप कप्तान होंगे, एएनआई की खबर के अनुसार सूत्र



ने इसकी पुष्टि की है कि केएल राहुल उप कप्तान होंगे। सोमवार को बीसीसीआई ने साफ कर दिया था कि हैमस्ट्रिंग चोट के कारण रोहित शर्मा साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह प्रियांक पांचाल को टेस्ट टीम में शामिल किया गया. भारतीय टीम 3 टेस्ट और 3 वनडे मैचों के लिए 16 दिसंबर को ही साउथ अफ्रीका पहुंच गई है और अब टीम ने अभ्यास भी शुरू कर दिया है, दोनों के बीच पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर को सेंचुरियन में खेला जाएगा।

### केएल राहुल और मयंक अग्रवाल करेंगे ओपनिंग

साउथ अफ्रीका दौरे पर रवाना होने से पहले भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली पहले ही साफ कर चुके हैं कि रोहित की गैरमौजूदगी में केएल राहुल के साथ मयंक अग्रवाल पारी का आगाज करेंगे. मयंक ने पिछले दिनों न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक लगाकर खुद को साबित किया था। टीम ने सीरीज पर 1-0 से कब्जा किया था।

### साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की टेस्ट टीम

विराट कोहली (कप्तान), केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, प्रियांक पांचाल।



# BWF वर्ल्ड चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले चौथे भारतीय बने एचएस प्रणय

नई दिल्ली। भारत के बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय ने लक्ष्य सेन, पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत जैसे दिग्गजों की लिस्ट में खुद को शामिल करते हुए विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने ऐसा करने के लिए गुरुवार को स्पेन के ह्यूएलवा में डेनमार्क के 11वीं वरीयता प्राप्त रैसमस गेम्के को हराया। प्रणय ने एक घंटे और 16 मिनट तक चले एक बड़े मुकाबले में गेम्के को 16-21, 21-8, 22-20 से हराया। प्रणय का सामना अब सिंगापुर के कीन यू लोह से होगा, जिन्होंने थाईलैंड के 16वीं वरीयता प्राप्त कांताफोन वांगचारोएन को हराया। प्रणय ने अब तक टूर्नामेंट में हांगकांग की आठवीं वरीयता प्राप्त एंगस एनजी लोंग और मलेशिया के लेव डेरेन को हराया है। इससे पहले 20 वर्षीय लक्ष्य, गत चैंपियन सिंधु और श्रीकांत सभी अपने-अपने मैचों में सीधे गेम में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। लक्ष्य ने केविन कॉर्डन के खिलाफ केवल 32 मिनट तक चले मैच में ग्वाटामेलन को 21-13, 21-8 से हराया था। विश्व की 7वें नंबर की सिंधू ने 48 मिनट तक चले प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर 21-14, 21-18 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ, छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने चोचुवोंग के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को 5-3 से बढ़ा दिया। डबल ओलंपिक पदक विजेता सिंधु का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर एक चीनी ताइपे की ताई त्जु यिंग से है, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21-10, 19-21, 21-11 से हराया। पुरुष सिंगल में 12वीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने चीन के गैर वरीय गुआंग जू लू को 21-10, 21-15 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। हालांकि, भारतीय को प्री-क्वार्टर फाइनल में महिला और पुरुष युगल दोनों में हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी को जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजाई की थाई जोड़ी से 13-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी से 20-22, 21-18, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



# IPL 2022 : गौतम गंभीर की आईपीएल में वापसी

## इस टीम ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**नईदिल्ली।** indian premier league 2022 टीम इंडिया पूर्व तूफानी बल्लेबाज और दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर एक बार फिर से आईपीएल में नजर आने वाले हैं. अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो बार चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर को आईपीएल की नयी फेंचाइजी टीम लखनऊ ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 से पहले शनिवार को नयी लखनऊ फेंचाइजी ने मेंटोर नियुक्त किया. गंभीर ने एक बयान में कहा, डॉ संजीव गोयंका और आरपीएसजी ग्रुप का मुझे अपनी टीम में यह शानदार मौका देने के लिये शुक्रिया।

उन्होंने कहा, मुकाबला जीतने का जज्बा अब भी मेरे अंदर बरकरार है, एक विजेता की विरासत छोड़ने की इच्छा अब भी मेरे अंदर चौबीस घंटे बनी रहती है. मैं ड्रेसिंग रूम के लिये नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की टीम के लिये मुकाबला करूंगा. फेंचाइजी के मालिक संजीव गोयंका ने गंभीर का आरपीएसजी परिवार में स्वागत किया। गौरतलब है कि गौतम गंभीर (40 वर्ष) भारत के लिये 58 टेस्ट, 147 वनडे और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं. जिसमें 9 शतक, एक दोहरे शतक और 22 अर्धशतक की मदद से टेस्ट में 4154 रन बनाये. जबकि वनडे में 11 शतक और 34 अर्धशतक की मदद से 5238 रन बनाये. टी20 अंतरराष्ट्रीय में गंभीर ने 7 अर्धशतक की मदद से 932 रन बनाये।

### गंभीर का आईपीएल करियर

गौतम गंभीर ने 154 आईपीएल मुकाबले खेले, जिसमें उन्होंने 36 अर्धशतक की मदद से 4218 रन बनाये. जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 93 रन रहा है. गौतम गंभीर केकेआर के अलावा दिल्ली कैपिटल्स की ओर से भी आईपीएल मुकाबले खेल चुके हैं. गौतम गंभीर आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं।



# सलमान खान ने कैटरीना कैफ को शादी में दी 3 करोड़ की कार ?

## रणबीर कपूर और शाहरुख खान से मिले इतने महंगे गिफ्ट्स

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने 9 दिसंबर को सात फेरे लिए थे। कैट और विक्की ने राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस फोर्ट बरवाड़ा में शाही तरीके से शादी की. इस ग्रैंड वेडिंग में सब कुछ बेहद खास था. अब शादी के बाद फैंस ये जानने के लिए आतुर है कि कपल को गिफ्ट में क्या- क्या मिला. कैट और विक्की को सबसे महंगा तोहफा सलमान खान ने दिया जो एक लग्जरी कार है। विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की शादी में सलमान खान भले ही शामिल ना हुए हो, लेकिन कपल को उन्होंने काफी महंगा गिफ्ट दिया। स्पॉटबॉय की एक रिपोर्ट की मानें तो सुपरस्टार ने कैटरीना-विक्की को 3 करोड़ रुपये की रेंज रोवर गिफ्ट की है. वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कपल को रणबीर कपूर और शाहरुख खान ने भी गिफ्ट दिया है। कैटरीना कैफ के एक्स बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर ने 2 करोड़ 70 लाख रुपये का डायमंड नेकलेस एक्ट्रेस को तोहफे में दिया है. वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉलीवुड के किंग खान कैटरीना और विक्की की शादी में शरीक नही हुए हो, मगर उन्होंने भी दोनों को 1.5 लाख की महंगी पेंटिंग गिफ्ट की है। गौरतलब है कि विक्की कौशल और कैटरीना कैफ 20 दिसंबर को जेडब्ल्यू मैरियट में रिसेप्शन देने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कई बड़े सेलेब्स आने वाले है। इस लिस्ट में सलमान खान, अमिताभ बच्चन, आमिर खान, शाहरुख खान जैसे सितारों का नाम हैं। इन दिग्गजों को अपने व्यस्त कार्यक्रम से इस तारीख को फ्री रखने को कहा गया है। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने शादी की तसवीरें शेयर कर लिखा था, हमारे दिलों में केवल प्यार और कृतज्ञता है जो हमें इस क्षण तक ले आई है। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की कामना के रूप में हम इस नई यात्रा को एक साथ शुरू करते हैं।

# अनन्या पांडे ने कॉपी किया उर्फी जावेद का लुक, ऐसे किया खुद को ट्रोल





बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे की बेटी और एक्ट्रेस अनन्या पांडे इंडस्ट्री का जाना-पहचाना नाम हैं। अनन्या ने कम समय में सिनेमा जगह में एक खास जगह बनाई है। अनन्या एक्टिंग के साथ-साथ सोशल प्लेटफॉर्म पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। लेकिन इस बार वे अपने लेटेस्ट फोटोशूट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अनन्या पांडे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वह काफी हॉट लग रही हैं। इन तस्वीरों में अनन्या ने क्रीम कलर की हॉट मोनोकनी के ऊपर व्हाइट कलर का नेट पहना हुआ है, जिसमें वह काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। वहीं फोटोशूट के दौरान अनन्या ने अपने बाल खुले रखे हैं। साथ ही वह हर तस्वीर में अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं उनकी कातिलाना अदाएं फैंस को दीवाना बना रही हैं। लेकिन देखने वाली बात यह है कि अनन्या ने इस फोटोशूट में खुद को ट्रोल किया था। दरअसल, अनन्या पांडा ने जो आउटफिट पहना है, वह किसी सेब के चारों ओर लिपटे जाल जैसा लग रहा है। वहीं, उन्होंने खुद अपनी तस्वीरों के अंत में जाल से ढके एक सेब की तस्वीर पोस्ट की है। साथ ही इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं इस बात से पूरी तरह वाकिफ हूं कि मैं इस जाल में एक फल की तरह दिख रही हूं। इसके साथ ही अनन्या ने हंसता हुआ इमोजी भी शेयर किया है। अनन्या की इन तस्वीरों पर फैंस ही नहीं स्टार्स भी खूब कमेंट कर रहे हैं। वहीं अनन्या की बेस्ट फ्रेंड यानी सुहाना खान ने कमेंट करते हुए जूसी लिखा है। वहीं फैंस इन तस्वीरों पर हॉट, हार्ट और फायर जैसे इमोजी बनाकर एक्ट्रेस की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में उर्फी जावेद ने भी रॉयल ब्लू कलर का स्टेपलेस ब्रालेट पहना था। इस ब्रालेट के साथ उर्फी ने क्रीम कलर की हाई वेस्ट पैंट पहनी हुई थी। लेकिन इन सभी तस्वीरों में देखने और गौर करने वाली बात ये है कि उन्होंने इसके ऊपर नेट पहना हुआ था, जो दिखने में अनन्या के लुक के जैसा ही लग रहा है। यूजर्स अनन्या के फोटो पर कमेंट कर उर्फी का लुक कॉपी करने की बात कह रहे हैं।

# निकले हीटर जले अलाव

# बर्फीली हवाओं से तीखे हुए ठण्ड के तेवर

जबलपुर,यशभारत। उत्तर भारत से आ रही गला देने वाली सर्द हवाओं के कारणजबलपुर समेत महाकोशल के ज्यादातर इलाके कड़ाके की ठंड से कांप उठे हैं। जहां जबलपुर में आज सुबह का तापमान विंड चिल फैक्टर के कारण 5.3 रहा जो सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जो अब तक का सबसे कम तापमान है। वहीं मंडला में यह 4.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्द हवाओं से शहर में ठिठुरन बढ़ गई है। अब अलाव की आवश्यकता महसूस होने लगी है। सुबह और रात में शीतलहर का कर आम जनजीवन पर स्पष्ट देखा जा रहा है। सुबह देर से होती है और रात सड़कों पर जल्दी सन्नाटा पसर जाता है। मौसम में इस बदलाव से एक बार फिर जनजीवन प्रभावित हो गया है। सुबह-सुबह नौनिहालों को शीतलहर की ठिठुरन में स्वूसल जाने की मजबूरी सताने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पारा अभी और लुढ़केगा, जिससे ठण्डके तेवर तीखे होने के आसार हैं। इस सीजन में पहली बार दिन का तापमान औसत से 5 डिग्री नीचे उतरा औरठंडी बर्फाली हवाएं चली। उत्तर भारत के दिल्ली में हुई ओलावृष्टि,




हिमाचल में हुई बर्फबारी के बाद ठण्ड का प्रकोप बढ़ा है। शीतलत्तर कहर बरपाने लगी है। शीतलहर अब कहर बरपा रही है। आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने और तापमान में गिरावट की संभावना व्यक्त की गई है।मौसम विभाग के बीजू जैकब ने बताया कि अभी दो- या तीन दिन ऐसी ही ठंड पड़ने की संभावना है। इसके बाद उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के पहुंचने से मौसम बदल सकता है। जबलपुर संभाग में विंड चिल फैक्टर प्रभावी रहा। इस कारण आज का दिन बहुत ठंडा रहा। इसका मतलब यह है कि बर्फीली और सर्द हवा के कारण ठंडक भी चिलिंग में बदल गई थी। इससे हमारे शरीर को भी ठंडक ज्यादा महसूस होती है। फिलहाल किसी वेदर सिस्टम के सक्रिय नहीं रहने से आसमान साफ है। हवा का रुख लगातार उत्तरी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण दिन-रात के तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है। आज शीतलहर चलने के आसार हैं। इसके साथ ही कहीं-कहीं फसलों पर पाला पड़ने की भी आशंका है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी दो-तीन दिन तक बना रहने की संभावना है। 22 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। उसने प्रभाव से हवाओं का रुख बदलेगा। इससे रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। लोग सुबह से गर्म कपड़ों में दुबके रहे। ठंड ने ऐसा जोरा मारा की कई स्थानों पर लोग ठंड से बचने आग का सहारा ले रहे हैं। फुटपाथ पर रहने वाले भी कचरा, पन्नी जलाकर ठंड से बचने के जतन कर रहे। शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम होकर 21.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था। रविवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन रिकार्ड किया गया। उसी तरह सीजन की सबसे सर्द रात 31 जनवरी 2021 को दर्ज की गई थी। मौसम विभाग में दर्ज आंकड़ों की माने तो 31 जनवरी को रात का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

# 5 माह पुराने कंकाल के गमछे में लिखा मिला सुसाइड नोट

## आई लव यू माँ...जय शारदा मां की, भैया लेबर नहीं मिली, जान दे रहा हूँ...

**जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल क्षेत्र में 17 दिसंबर की शाम को एक कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीएम के लिए भेज दिया था। जिसके बाद पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में कंकाल के पास से मिले गमछे में सुसाइड नोट लिखा मिला है।**



मृतक ने पैन से लिखा है कि आई लव यू माँ, जय शारदा माँ....भैया लेबर नहीं मिली, जान दे रहा हूं, आपका अनिल । पुलिस ने इसके बाद अपनी कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए यह पतासाजी में जुट गयी है कि मृतक महां का है, और इस नाम का व्यक्ति माढ़ोताल के आसपास रहता है कि नहीं। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। माढ़ोताल टीआई रीना पांडे के मुताबिक 17 दिसंबर की शाम को स्थानीय व्यक्ति करौंदा नाला के आखिरी छोर पर लकड़ियां बिनने गया था। वहां एक कंकाल देख उसने थाने में सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंच कर कंकाल को समेट कर पीएम के लिए भिजवाया गया। कंकाल ऐसी जगह मिली है, जहां अमूमन कोई जाता नहीं है। यह नाला का आखिरी छोर है और काफी बदबू रहता है। कंकाल देख लग रहा है कि यह चार से पांच महीने पुरानी होगी।

### तो सुसाइड का है मामला

टीआई पांडे के मुताबिक कंकाल के पास ही एक पेड़ है। उस पर एक गमछा बंधा है। इससे प्रतीत हो रहा है कि मरने वाला वहां सुसाइड के उद्देश्य से ही गया होगा। लाश सड़ने पर गमछे का आधा हिस्सा सहित गिर गया होगा। इसके बाद जानवर नोच खाए है। माढ़ोताल पुलिस ने मर्ग कायम कर पांच महीने के अंदर दर्ज गुमशुदगी के प्रकरणों से कंकाल के बारे में पता लगाने में जुटी है।

# भेड़ाघाट में डेढ़ लाख रुपयों की 32 बकरी चोरी

## जिसने खरीदवाए वही ले अपने घर, एफआईआर दर्ज

**पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी**

जबलपुर, यशभारत। भेड़ाघाट थाने के शिल्पी नगर में बकरी पालक की 32 नगर बकरा, बकरी चोरी हो गई। घटना के दौरान वह घर में ही सो रहा था और बकरी घर के पास ही बंधी थी। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पहले ही वो दो साथियों के साथ सभी बकरियां खरीद कर लाया था, उसे शक है कि वही उसकी बकरियां चुराकर ले गए है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, मामला जांच में लिया है। शेख हुसैन 60 वर्ष निवासी शिल्पी नगर भेडाघाट ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह बकरी पालने का काम करता है। वह रात में सभी बकरी बांधकर कमरे में परिवार के साथ सो गया था, सुबह 4 बजे उठा तो उसके घर के बाहर की कुण्डी से बंद थी, खींचकर दरवाजे को खोलकर निकलकर देखा तो 13 बकरे एवं 19 बकरी गायब थे। खलासी लाईन बेलबाग निवासी गौरव लोधी एक अन्य व्यक्ति के साथ बकरा खरीदने आया था, एक बकरा 5500 रूपये में खरीदकर ले गया था, उसे गौरव लोधी पर शंका है। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया गया है।

# गोटेगांव में गोली मारकर किसान की हत्या

## पुरानी रंजिश पर सीने में दागी गोली, मेडिकल में वृद्ध ने दम तोड़ा

**जबलपुर, यशभारत। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव ग्राम पुरादफाई में शनिवार की रात उस समय सनसनी मच गयी जब पुरानी रंजिश पर एक 60 साल के वृद्ध को सीने और हाथ में गोलियां दाग दी गईं। गंभीर हालत में जब वृद्ध को जबलपुर मेडिकल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।**




जानकारी अनुसार गोली लगने के बाद घायल को मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे मृतक के बहनोई विशाल सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही ओमप्रकाश गुड्डा के साथ वाद-विवाद चल रहा है। इसी के चलते शनिवार को दोपहर 1.30 बजे जब खोवा सिंह पटैल खेत में काम कर रहा था, तभी ओमप्रकाश गुड्डा अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा और पिस्टल निकालकर उस पर दनादन फायर किए। जिसमें सीने और बाएं हाथ में गोलियां जा धसी। उपचार के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया।

### बीमारी से हारा युवक

# परिजन करा चुके थे लाखों रुपए का इलाज, फांसी लगाकर दे दी जान

जबलपुर, यशभारत। बरगी के सिलुआ ग्राम में एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। युवक के मस्तिष्क का इलाज नागपुर में चल रहा था। परिजन उसका लाखों रुपए का इलाज करवा चुके थे, लेकिन बढ़ती तकलीफ के बाद तनाव में आकर युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाते हुए अपने घर में मौत के फंदे पर झूल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सिलुआ निवासी राहुल जैसवाल पिता रमेश जैसवाल का वर्षों से मस्तिष्क का इलाज चल रहा था। जिसमें लाखों रुपए लग गए। लेकिन युवक को आराम नहीं मिला। जिसके बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी में पुलिस को परिजनों ने भी यही बताया कि युवक बीमारी से तनाव में था। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# अधारताल में रंजिशन दंपत्ति ने ईंट मारकर युवक का फोड़ दिया सिर

जबलपुर, यशभारत। अधारताल, यशभारत। अधारताल थाना के महाराजपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दंपत्ति ने युवक के सिर में ईंट से वार कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित जख्मी हालत में थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पीड़ित विक्रांत सिंह ठाकुर 32 साल पिता महेश सिंह ने बताया कि वह श्रीराम कॉलोनी, महाराजपुर का निवासी है। दरमियानी रात पुरानी रंजिश को लेकर अजीत विश्वकर्मा और उसकी पत्नी ने झड़प करते हुए पहले तो गालीगलौच की और जब उसने मना किया तो ईंट और पत्थरों से वार कर उसके सिर में घातक चोट पहुंचा दी। पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

## पिता का दोस्त बन गया बहशी

# बेटी सामान युवती से छेड़छाड़

जबलपुर, यशभारत। रांझी में एक युवती के पिता का दोस्त वहशी बन गया और उसने अपनी बेटी समान युवती के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी। घटना के बाद पीड़िता ने अपनी मां को पूरी बात बताइ और रांझी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रांझी पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में ही रहने वाला शिव नारायण गिरी उर्फ बबलू गिरी उसके पिता का दोस्त है। कुछ समय पहले उसके पिताजी की मृत्यु हो गई है। पिता का दोस्त होने के नाते शिवनारायण का उसके घर आना जाना लगा रहता था। शिवनारायण उसके घर आया। कुछ देर बातचीत करने के बाद युवती की मां किसी काम से पड़ोस में चली गई। इसी दौरान युवती को अकेला पाकर शिवनारायण की नियत खराब हो गई और उसने अपनी बेटी समान ज्योति के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया और शोर मचाया तो शिवनारायण धमकी देते हुए भाग गया। घटना के बाद पीड़िता ने अपनी मां को पूरी बात बताई। उसके बाद मां के साथ रांझी थाने पहुंची और आरोपी शिव नारायण गिरी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर आरोपी शिवनारायण की तलाश शुरू कर दी है।

# छायाकार नंदकिशोर बुधोडी का निधन



**जबलपुर।** हितवाद प्रेस के छायाकार आधारताल निवासी नंदकिशोर बुधोडी का दुखद निधन हो गया।




## प्रथम पुण्यतिथि

19/12/2021



स्व. कृष्ण कुमार अग्निहोत्री

फूलों जैसी जिंदगी में शेर की तरह जी कर गए , वादा किया था साथ निभाने का पर बीच में ही छोड़ कर गए आपका आशीर्वाद हम पर बना रहे

विनीता अग्निहोत्री (पत्नी)
प्रियांश अग्निहोत्री ( बेटा)



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )